Website : www.mantrabharat.com

जुनून है सच लिखने का

हिन्दी दैनिक


E-Mail : mantragwalior@gmail.com

संस्करण : ग्वालियर
वर्ष : 03
अंक : 198
पृष्ठ : 8
मूल्य : 2.00

# मंत्र भारत

सोमवार,16 फरवरी 2026

ग्वालियर, मुम्बई, लखनऊ एवं प्रयागराज,से एक साथ प्रकाशित एवं गोरखपुर, वाराणसी, आजमगढ़ से प्रसारित



2 महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने ..
4 बिना केमिकल घर पर इस तरह बनाएं नेचुरल फूड
7 सारा अर्जुन ने अपने फैंस को दी 'महाशिवरात्रि'

## सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक-जलाभिषेक, की प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना



**गोरखपुर :** देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर और भरोहिया के पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में भी दर्शन, पूजन व दुग्धाभिषेक-जलाभिषेक किया और चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। रविवार सुबह जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान कराया। इसके बाद विधि विधान से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने चराचर जगत के मंगल हेतु महादेव भगवान शिव से प्रार्थना की। गोरक्षपीठ में रुद्राभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंधियारी बाग के प्राचीन मानसरोवर मंदिर भी गए। यहां उन्होंने भोलेनाथ का दर्शन पूजन। भगवान शिव को विविध पूजन सामग्री अर्पित कर, पंचस्नान कराकर दूध और जल से उनका अभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए पूजन, अभिषेक का अनुष्ठान हवन और आरती के साथ पूर्ण हुआ। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में महाशिवरात्रि पर सीएम योगी रविवार दोपहर बाद भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व विधि विधान से जलाभिषेक कर संपूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों से बातचीत कर उन्हें आशीर्वाद दिया। स्थानीय खिलाड़ियों के साथ फोटो खिंचवाई और उनका उत्साहवर्धन किया। भरोहिया में मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भारत सद्भावना और सामाजिक सामंजस्य का वैश्विक केंद्र हैः मोहन भगवत



**गोरखपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भगवत ने भारत को सद्भावना और सामाजिक सामंजस्य का वैश्विक केंद्र बताते हुए रविवार को जोर देकर कहा कि देश की सभ्यतागत विचारधारा लेन-देन वाले संबंधों के बजाय एकता और आपसी जुड़ाव की भावना पर आधारित है। आरएसएस के मीडिया प्रकोष्ठ ने यह जानकारी दी। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तारामंडल स्थित बाबा गंभीरनाथ सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव सम्मेलन को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि समाज की पहचान परस्पर जुड़ाव से होती है, न कि स्वार्थ से। उन्होंने कहा, कई देशों में रिश्तों को लेन-देन के रूप में देखा जाता है। हमारे देश में मानवीय रिश्ते अपनेपन की भावना पर आधारित हैं। भारत की विविधता पर प्रकाश डालते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा, हम भारत को अपनी माता मानते हैं। वही दिव्य चेतना हम सब में निवास करती है। यही बंधन हमें हमारी भिन्न-भिन्न पहचानों के बावजूद एकजुट रखता है। उन्होंने कहा कि समाज को कायम रखने के लिए केवल कानून लागू करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव भी आवश्यक है। आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि यह उपलब्धि जश्न मनाने का नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का विषय है। उन्होंने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए साल में दो से तीन बार खंड विकास स्तर की बैठकें आयोजित करने का आह्वान किया और समुदायों से जातिगत सरोकारों से परे व्यापक हिंदू समाज के लिए काम करने का आग्रह किया। भागवत ने कहा, समाज को स्वयं कार्रवाई करनी होगी। संघ सहायता करेगा, लेकिन जिम्मेदारी समाज की है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा स्वार्थहीन भाव से संकट के समय अन्य देशों की सहायता की है।

## सार संक्षेप

### भारतीय महिला स्पिनरों ने फिर पाकिस्तान को चटाई धूल


**बैंकॉक।** कप्तान राधा यादव की शानदार स्पिन गेंदबाजी के बाद दिनेश वृंदा के तूफानी नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत (ए) ने रविवार को महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स में पाकिस्तान (ए) को 59 गेंद शेष रहते आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत (ए) महिला टीम की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। टीम को शुक्रवार को पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) महिला टीम से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान (ए) पर जीत के साथ भारत (ए) महिला टीम ग्रुप ए में यूएई के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत (ए) के स्पिनरों ने अपनी सटीक गेंदबाजी से आपस में पांच विकेट साझा कर पाकिस्तान को दबाव में डाल दिया। पाकिस्तान की टीम 18.5 ओवर में महज 93 रन पर आउट हो गयी। राधा (तीन ओवर में 11 रन पर दो विकेट) ने दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की, वहीं प्रेमा रावत (तीन ओवर में 16 रन पर दो विकेट) और मिन्नू मणि (2.5 ओवर में 10 रन पर एक विकेट) ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के बल्लेबाज कोई साझेदारी नहीं बना सकें।

### वकील हत्याकांड, शिवपुरी में शूटर का शॉर्ट एनकाउंटर, पुलिस पर की थी फायरिंग, 3 शूटर गिरफ्तार

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना (57) की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के दौरान रविवार सुबह एक आरोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़ भी हुई, जिसमें उसे पैर में दो गोलियां लगीं। जानकारी के अनुसार करैरा थाना क्षेत्र के चिरली तिराहा के पास पुलिस को आरोपियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी पपेंद्र रावत (23), निवासी चांदपुर, डबरा ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने बड़ौनी के घुघसी निवासी गोलू रावत (25), डबरा के चांदपुर निवासी पपेंद्र रावत (23) और बड़ौनी के घुघसी निवासी जहीर मुसलमान (24) को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शनिवार को गोलू रावत ने कट्टे से संजय सक्सेना की पीठ पर गोली मारी थी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि वारदात के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई थीं और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी।

## महाशिवरात्रि पर उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी समेत राहुल गाँधी ने दी बधाई





**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, सभी देशवासियों को भक्ति, शक्ति और भगवान भोलेनाथ को समर्पित पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, काशी से रामेश्वरम तक, महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व भारत की अखंड और शाश्वत आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। महादेव और माता पार्वती की कृपा से हम सभी को सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो-यही मंगलकामना है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों को महाशिवरात्रि की ढेरों शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि आदिदेव महादेव सदैव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से सबका कल्याण हो और हमारा भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो। हर हर महादेव। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवाधिदेव महादेव की उपासना को समर्पित पावन पर्व श्महाशिवरात्रिश के अवसर पर प्रदेशवासियों और तीर्थराज प्रयाग में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिये पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवास के लिए आए साधकों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन है। उन्होंने प्रार्थना की कि देवाधिदेव महादेव एवं पुण्य प्रदायिनी मां गंगा की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे। साधकों की साधना सफल हो तथा श्रद्धालुओं के मनोरथ पूर्ण हों। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश का समापन हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। गौरतलब है कि प्रयागराज में महाशिवरात्रि के अवसर पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पवित्र संगम में स्नान करने वालों का तांता लगा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रविवार सुबह से ही संगम नोज पर स्नान करने के लिए पहुंचने लगे थे। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पवित्र संगम की रेती पर लगे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक सालाना मेले का रविवार को 44वां और अंतिम दिन है। माघ मेले के छठवें और आखिरी स्नान पर्व यानी महाशिवरात्रि पर रविवार को त्रिवेणी संगम में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पुलिस, पीएसी और आरएएफ को तैनात किया गया है। वहीं एटीएस के कमांडो भी मेले में चप्पे पर नजर रख रहे हैं। मेले की सुरक्षा मे 400 सीसीटीवी कैमरों से कराई जा रही है। इसमें डेढ़ सौ से ज्यादा एआई कैमरे भी लगाए गए हैं। आज करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान करने की उम्मीद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महाशिवरात्रि पर्व पर आज देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और सबकी समृद्धि की मंगल कामना की है।

## तमिलनाडु में आज से हल्की बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

चेन्नई आरएमसी चेन्नई ने सोमवार को दक्षिणपूर्वी बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना जताई है। मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम



बुलेटिन के अनुसार, पूर्वी हिंद महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र और उससे सटे दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में वर्तमान में एक ऊपरी-वायु चक्रवातीय परिसंचरण व्याप्त है। इसके प्रभाव से, लगभग 16 फरवरी के आसपास दक्षिण बंगाल की खाड़ी और उससे सटे हिंद महासागर में एक निम्न दबाव क्षेत्र विकसित होने की आशंका है। इस प्रणाली के बनने से आने वाले दिनों में तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के मौसम पर असर पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि इन क्षेत्रों में 15 से 18 फरवरी तक शुष्क मौसम रहने की उम्मीद है।


हालांकि, 19 और 20 फरवरी को तमिलनाडु में एक या दो स्थानों पर छिटपुट हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि इस समय व्यापक वर्षा की आशंका नहीं है, लेकिन सिस्टम की गति और तीव्रता के आधार पर स्थानीय स्तर पर मौसम में बदलाव हो सकते हैं। अधिकारी बंगाल की खाड़ी में हो रहे घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रख रहे हैं और उन्होंने मछुआरों और तटीय निवासियों को अद्यतन पूवार्नुमानों पर नजर रखने की सलाह दी है। इस बीच, तमिलनाडु के कई उत्तरी जिलों में मध्यम दर्जे के कोहरे की स्थिति का पूवार्नुमान लगाया गया है। 16 फरवरी को, चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू में इसी तरह के कोहरे की स्थिति बनी रहने और विल्लुपुरम और कुड्डालोर जिलों तक फैलने की उम्मीद है।

## हरिद्वार में महाशिवरात्रि की धूम, दक्षेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**हरिद्वार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। शहर के प्रमुख शिवालयों में दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। विशेष ज्योतिषीय महत्व के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में अधिक बताई जा रही है। दक्षेश्वर महादेव मंदिर के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लगी हुई हैं। प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात है तथा भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रातःकालीन मुहूर्त से ही श्रद्धालु गंगाजल और पूजन सामग्री के साथ अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और पूरा मंदिर परिसर बोल बमह्व और हर-हर महादेव के जयघोष से निरंतर गूंज रहा है। दक्षेश्वर महादेव मंदिर पुजारी महंत रविंद्र पुरी ने कहा, ष्महाशिवरात्रि के अवसर पर उत्तराखंड और पूरे देश के सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं। फाल्गुन महीने में मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि, दिवाली, होली और कालाष्टमी के साथ वर्ष की चार प्रमुख रातों में से एक है। आस्था की दृष्टि से दक्षेश्वर महादेव मंदिर की बहुत मान्यता है क्योंकि ये भगवान शिव की ससुराल है और मां सति का जन्मस्थान भी। 300 वर्षों बाद ऐसा शुभ-संयोग महाशिवरात्रि पर बना है, जिसमें कुंभ राशि में 5 ग्रह एक साथ आ रहे हैं और ऐसे में जो भी लोग भगवान शिव की मानसिक और शारीरिक रूप से पूजा करेंगे, उनकी हर मनोकामना पूरी होगी। उन्होंने आगे कहा, महाशिवरात्रि सिर्फ मां पार्वती और शिव की शादी का दिन नहीं है, बल्कि ये प्रकृति के मिलन का दिन भी है। मां पार्वती प्रकृति स्वरुप हैं, जो आज के दिन भक्तों पर अपनी कृपा बरसाती है। हरिद्वार के अलावा, देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर में भी आस्था की भीड़ उमड़ रही है।

## पीएम मोदी नहीं जाएंगे बांग्लादेश, तारिक रहमान के शपथग्रहण में लोकसभा स्पीकर होंगे शामिल

**नईदिल्ली।** बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी नहीं जाएंगे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को भारत बांग्लादेश भेज रहा है। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी होंगे। यह समारोह 17 फरवरी को ढाका के राष्ट्रीय संसद भवन के साउथ प्लाजा में आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी





आमंत्रण मिला था, लेकिन वे मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से द्विपक्षीय वार्ता और दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट की तैयारी के कारण नहीं जा पा रहे।हाल ही में बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी जीत दर्ज की। तारिक रहमान 17 साल के निर्वासन के बाद दिसंबर 2025 में लंदन से वापस लौटे थे, अब प्रधानमंत्री पद संभालने जा रहे हैं। उनके पिता जिया उर रहमान बीएनपी के संस्थापक थे और मां खालिदा जिया पूर्व प्रधानमंत्री रही हैं। 2008 में भ्रष्टाचार के आरोपों में देश छोड़ने वाले रहमान ने चुनाव में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर इतिहास रच दिया। यह चुनाव 2024 के छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद पहला था। रहमान ने जीत के बाद राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया और कहा कि वे लोकतंत्र, कानून व्यवस्था और आर्थिक स्थिरता को मजबूत करेंगे। भारत के साथ कैसे होंगे रिश्तेप्रधानमंत्री मोदी ने 13 फरवरी को तारिक रहमान को फोन पर बधाई दी और उन्हें लोकतंत्र की रक्षा करने वाले सभी बलिदानों को याद किया। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 13 देशों के नेताओं को आमंत्रित किया, जिसमें चीन, पाकिस्तान, सऊदी अरब और मलेशिया जैसे देश शामिल हैं। भारत की ओर से उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला दोनों देशों के बीच नई शुरूआत का प्रतीक है। बीएनपी ने हमेशा भारत के साथ संतुलित संबंधों पर जोर दिया है और रहमान ने कहा है कि वे किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता नहीं रखेंगे, बल्कि व्यापक अंतरराष्ट्रीय साझेदारी बनाएंगे।

## काशी समेत प्रदेश के शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, दर्शन-पूजन के लिए प्रशासन की विशेष व्यवस्थाएं

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में बाबा भोलेनाथ की नगरी काशी समेत प्रदेश के अन्य शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर जलाभिषेक किया और मंगल कामना की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर लोकमंगल की कामना की। काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर की मंगला आरती के बाद श्रद्धालु कतारों में लगकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं। मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष महाशिवरात्रि पर लगभग 12 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जबकि इस बार 10 से 15 लाख लोगों के आने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पांच लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले धाम में सुगम दर्शन की व्यवस्था की गई है। मिश्रा ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए अवरोधक लगाए गए हैं और छह द्वारों से दर्शन कराए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन स्थानों पर चिकित्सीय टीम भी तैनात हैं। मंदिर प्रशासन ने सुबह कतार में लगे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की। बाबा विश्वनाथ 45 घंटे तक लगातार दर्शन देंगे। मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर विश्व का आध्यात्मिक संगम बन रहा है और 62 बड़े मंदिरों से भोग-वस्त्र भेजे गए हैं। देश के 54 प्रमुख ज्योतिर्लिंगों, शक्तिपीठों और तीर्थस्थलों से आए प्रसाद, वस्त्र और तीर्थजल को अर्पित करने की परंपरा भी शुरू की गई है।

## राहुल गांधी को अमित शाह ने दी चुनौती, कहा- किसी भी मंच पर बहस कर लें, किसने किया किसानों का नुकसान





**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और यूएस ट्रेड डील पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं कि यूरोपीय यूनियन, इंग्लैंड के साथ एफटीए और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हित को नुकसान पहुंचाया है। मैं राहुल गांधी को चौलेंज देना चाहता हूं, कोई भी मंच तय कर लीजिए, भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है। उन्होंने कहा कि मैं देश के किसानों से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और आपको गुमराह कर रहे हैं। इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफटीए और अमेरिका से हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हितों की सुरक्षा की है। तीनों समझौतों में डेयरी क्षेत्र को भी पूरी तरह सुरक्षा देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। इसके माध्यम से हमारे कृषि उत्पाद और मत्स्य उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाने का रास्ता भी खोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं फिर से एक बार भारत के मछुआरों, पशुपालकों और किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी आपके हितों के साथ समझौता नहीं किया है, न ही कर सकते हैं, यह असंभव है। यह काम तो मनमोहन सिंह की सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन करके किया था। देश की जनता ने 2014 में कांग्रेस को टाटा बाय-बाय कर दिया, पीएम मोदी आए और उस समझौते को बदल दिया। मनमोहन सरकार ने पूरे विश्व के लिए भारत का कृषि बाजार खोल दिया था। आज पीएम मोदी किसानों की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया। पीएम मोदी ने 10 साल से 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही न आए, ऐसी व्यवस्था की। कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है।




# रि-शिड्यूलिंग, नियंत्रण एवं शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा

**गोरखपुर,:** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के बेतिया-कुमारबाग स्टेशनों के मध्य प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, रि-शिड्यूलिंग, नियंत्रण एवं शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन-

-रक्सौल से 15, 16 एवं 17 फरवरी, 2026 को चलने वाली 15273 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रक्सौल-सगौली-बेतिया-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

-बरौनी से 15, 16 एवं 17 फरवरी, 2026 को चलने वाली 19038 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-सगौली-बेतिया-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

-बान्द्रा टर्मिनस से 15 फरवरी, 2026 को चलने वाली 19037 बान्द्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-बेतिया-सगौली के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई गई।

-मुजफ्फरपुर से 15, 16 एवं 17 फरवरी, 2026 को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग सगौली-बेतिया-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सगौली-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

-आनन्द विहार टर्मिनल से 15 एवं 16 फरवरी, 2026 को चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-बेतिया-सगौली के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सगौली के रास्ते चलाई जायेगी।

-आनन्द विहार टर्मिनल से 15 एवं 16 फरवरी, 2026 को चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनल-रक्सौल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-बेतिया-सगौली-रक्सौल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल के रास्ते चलाई जायेगी।

-कटिहार से 16 फरवरी, 2026 को चलने वाली 15705 कटिहार-दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-बेतिया-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

-गोरखपुर से 15, 16 एवं 17 फरवरी, 2026 को चलने वाली 26502 गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-बेतिया-सगौली के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सगौली के रास्ते चलाई गई। -पाटलिपुत्र से 15, 16 एवं 17 फरवरी, 2026 को चलने वाली 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग सगौली-बेतिया-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सगौली-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई गई। -भागलपुर से 16 फरवरी, 2026 को चलने वाली 09452 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग सगौली-बेतिया-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। -मुजफ्फरपुर से 16 फरवरी, 2026 को चलने वाली 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-सगौली-बेतिया-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सगौली-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। -अमृतसर से 15 एवं 16 फरवरी, 2026 को चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-बेतिया-बापूधाम मोतिहारी-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

# एक हादसे ने दो परिवारों की छीनी खुशियां, दो बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत एक घायल

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में दर्दनाक हादसा हुआ। इस दौरान दो की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। आजमगढ़ जिले के लौदह इमादपुर गांव के पास शनिवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। घटना में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। हादसा उस समय हुआ जब पीछे से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। क्या है पूरा मामला जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब आठ बजे तीन दोस्त बाइक से मेंहनगर बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहनगर पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने 20 वर्षीय आशीष को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल 16 वर्षीय सुमित और निखिल को बेहतर उपचार के लिए पीजीआई मेडिकल कॉलेज चक्रपानपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सुमित ने भी दम तोड़ दिया, जबकि निखिल का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि मृतक आशीष दो भाइयों में बड़ा था और इंटरमीडिएट का छात्र था। वहीं सुमित अपने भाइयों में तीसरे नंबर पर था। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। पूरे इलाके में शोक की लहर है। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# 2026 को 03 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा

**गोरखपुर,:** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु 03131/03132 सियालदह-गोरखपुर-सियालदह होली विशेष गाड़ी का संचलन सियालदह से 26 फरवरी तथा 02 एवं 05 मार्च, 2026 को तथा गोरखपुर से 27 फरवरी तथा 03 एवं 06 मार्च, 2026 को 03 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 03131 सियालदह-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 26 फरवरी तथा 02 एवं 05 मार्च, 2026 को सियालदह से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन नैहाटी से 00.42 बजे, बैण्डेल से 01.14 बजे, बर्द्धमान से 02.06 बजे, दुगार्पुर से 03.08 बजे, आसनसोल से 03.41 बजे, चित्तरंजन से 04.06 बजे, मधुपुर से 04.45 बजे, जसीडीह से 05.12 बजे, झाझा से 07.00 बजे, किऊल से 07.50 बजे, बरौनी से 10.25 बजे, शाहपुर पटोरी से 11.12 बजे, हाजीपुर से 12.10 बजे, सोनपुर से 12.22 बजे, छपरा से 14.20 बजे, सीवान से 15.25 बजे तथा देवरिया सदर से 16.32 बजे छूटकर गोरखपुर 18.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 03132 गोरखपुर-सियालदह होली विशेष गाड़ी 27 फरवरी तथा 03 एवं 06 मार्च, 2026 को गोरखपुर से 21.00 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 22.02 बजे, सीवान से 23.20 बजे, दूसरे दिन छपरा से 01.05 बजे, सोनपुर से 02.10 बजे, हाजीपुर से 02.25 बजे, शाहपुर पटोरी से 03.12 बजे, बरौनी से 04.30 बजे, किऊल से 06.42 बजे, झाझा से 08.05 बजे, जसीडीह से 08.39 बजे, मधुपुर से 09.05 बजे, चित्तरंजन से 09.45 बजे, आसनसोल से 10.55 बजे, दुगार्पुर से 11.28 बजे, बर्द्धमान से 13.08 बजे, बैण्डेल से 14.12 बजे तथा नैहाटी से 14.56 बजे छूटकर सियालदह 16.20 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# वीबी जीरामजी के आगे मनरेगा के 12 हजार अधूरे काम चुनौती 30 हजार से अधिक मजदूरों की मजदूरी अटकी

**कानपुर।** मनरेगा को एक अप्रैल से विकसित भारत-गारंटी मिशन में बदला जाना है, लेकिन 12 हजार से अधिक अधूरे कार्यों और तीन करोड़ के बकाया भुगतान ने प्रशासन की राह मुश्किल कर दी है। अब 31 मार्च तक काम पूरा करने की चुनौती है। अभी चार वित्तीय वर्षों में शुरू हुए 12,346 कार्य पूरे नहीं हो सके हैं। इन अधूरे कामों से जुड़े 30 हजार से अधिक मजदूरों की मजदूरी और लगभग तीन करोड़ रुपये की निर्माण सामग्री का भुगतान भी अटक गया है। मनरेगा के तहत कार्यों में देरी का मुख्य कारण समय पर बजट जारी न होना है। सीमा 125 दिन करने का प्रस्ताव इसके परिणामस्वरूप 10 ब्लॉकों में शुरू हुए 1,05,674 कार्यों में से केवल 93,328 ही पूरे हो पाए हैं, जो 88.32 फीसदी है। केंद्र सरकार की ओर से 31 मार्च तक सभी लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। नई व्यवस्था में सालाना रोजगार की सीमा 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रस्ताव है। विवादों में फंसा चकरोड निर्माण बिल्हौर ब्लॉक में वर्ष 2022-23 में शुरू हुआ चकरोड निर्माण विवादों में फंसकर शुरूआती चरण में ही रुक गया। मनरेगा नियमों के अनुसार 30 प्रतिशत से कम प्रगति वाले कार्यों में मजदूरी भुगतान संभव नहीं है जिससे काम बंद हो गया और मजदूरों का भुगतान अटक गया। जिले में करीब 1500 मजदूर कर रहे काम जिले की 590 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य कराए जाते हैं। वर्तमान समय में करीब 38 हजार से अधिक मजदूर पंजीकृत हो सके हैं। हालांकि अभी बायोमिट्रिक का कार्य हो रहा है। इसमें करीब 1500 मजदूर ही सक्रिय हैं। 252 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 5 लाख मानव दिवस सृजित हो सके हैं। जो भी अधूरे कार्य है उन्हें पूरे कराने के सभी बीडीओ को निर्देश दिए हैं। प्रयास है कि मार्च तक सभी अधूरे कार्य पूरे करा लिए जाएं। जो 30 फीसदी से कम काम है उसका भुगतान नहीं होगा।



# एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे

**गोरखपुर,:** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु 03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल होली विशेष गाड़ी का संचलन आसनसोल से 01 मार्च, 2026 को तथा गोरखपुर से 02 मार्च, 2026 को निम्नवत किया जायेगा। 03527 आसनसोल-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 01 मार्च, 2026 को आसनसोल से 13.20 बजे प्रस्थान कर चित्तरंजन से 13.44 बजे, जामताड़ा से 13.59 बजे, मधुपुर से 14.27 बजे, जसीडीह से 14.49 बजे, झाझा से 16.30 बजे, किऊल से 17.11 बजे, बरौनी से 19.25 बजे, शाहपुर पटोरी से 20.27 बजे, हाजीपुर से 21.20 बजे, सोनपुर से 21.32 बजे, छपरा से 23.20 बजे, दूसरे दिन सीवान से 00.15 बजे, भटनी से 00.57 बजे तथा देवरिया सदर से 01.27 बजे छूटकर गोरखपुर 03.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 03528 गोरखपुर-आसनसोल होली विशेष गाड़ी 02 मार्च, 2026 को गोरखपुर से 06.30 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 07.25 बजे, भटनी से 07.57 बजे, सीवान से 08.40 बजे, छपरा से 09.45 बजे, सोनपुर से 10.50 बजे, हाजीपुर से 11.05 बजे, शाहपुर पटोरी से 11.47 बजे, बरौनी से 13.30 बजे, किऊल से 15.02 बजे, झाझा से 17.35 बजे, जसीडीह से 18.08 बजे, मधुपुर से 18.34 बजे, जामताड़ा से 19.04 बजे तथा चित्तरंजन से 19.18 बजे छूटकर आसनसोल 21.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 11, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे।

# ग्रेटर कानपुर विकसित करने के लिए आगे आईं तीन कंपनियां, केडीए जल्द जारी करेगा वर्क ऑर्डर, पढ़ें डिटेल

**कानपुर।** केडीए ने 5000 एकड़ में ग्रेटर कानपुर बसाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। तीन कंपनियों की तकनीकी बिड स्वीकृत हो गई है। यहां ई-व्हीकल और मेडिसिटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ आधुनिक आवासीय टाउनशिप बनेगी। ग्रेटर कानपुर योजना विकसित करने के लिए तीन कंपनियां आगे आई हैं। केडीए ने टेक्निकल बिड का अध्ययन पूरा करके स्वीकृति के लिए भेज दिया है। फाइनेंशियल बिड भी जल्द से जल्द खोलकर कायार्देश जारी करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री की शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत इसका विकास होगा। केडीए ने नवी मुंबई की तर्ज पर कानपुर-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग के पास भीमसेन रेलवे स्टेशन और आउटर रिंग रोड के बीच 5000 एकड़ में ग्रेटर कानपुर योजना विकसित करने की योजना बनाई है। योजना स्थल में रिंग रोड और रेलवे स्टेशन के पास ई-व्हीकल पार्क, मेडिसिटी पार्क और एमएसएमई पार्क बनेंगे। मिलेंगी ये सुविधाएं ई-व्हीकल पार्क में ई-वाहन बनाने वाली कंपनियों को जमीन आवंटित की जाएगी। मेडिसिन पार्क में दवा कारखाने और एमएसएमई में लघु उद्योग स्थापित होंगे। शेष जमीन पर आवासीय प्लॉट, मल्टीस्टोरी, बेयरहाउस, मॉल, मल्टीप्लेक्स, व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स आदि बनेंगे। 30 जनवरी को तीन कंपनियों ने टेंडर डाले थे बीते साल 23 दिसंबर को आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) जारी किया गया था। आरएफपी के तहत योजना का ले-आउट तैयार करने के लिए तीन कंपनियों ने अपने-अपने प्रस्ताव दिए हैं। 30 जनवरी को तीन कंपनियों ने टेंडर डाले थे। इन कंपनियों में मेसर्स आइडिया इंप्रेशन मार्केट रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स टिला कंसलटेंट्स और मेसर्स रेडन जियोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड हैं। ग्रेटर कानपुर योजना विकसित करने के लिए सर्वे हो चुका है। योजना का लेआउट तैयार करने के लिए तीन कंसलटेंट कंपनियों ने टेंडर डाले हैं।




# एक ही रात में बभनान के दो वार्डों के छह घरों में चोरी

बभनान। कस्बे के शिवाजी व राम जानकी नगर वार्ड में एक ही रात शुक्रवार को चोरों ने छह घरों में दस्तक दी। घरों से बॉक्स व संदूक निकाल ले गए जो सुबह गन्ने के खेत में मिला। चोर अपना जूता भी छोड़ कर चले गए। सूचना पर डायल 112 व पैकोलिया पुलिस पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, पैकोलिया थाना क्षेत्र के उसका गांव के पूरब धर्मराज सिंह के घर पर पहुंचे चोरों ने एक कमरे को निशाना बनाते हो उसमें रखे दो बॉक्स लेकर भाग गए। इसके बाद इसी गांव के विश्वनाथ सिंह के घर पहुंचे, जहां एक कमरे में रखे दो बक्सों को लेकर कर बाहर निकल गए और किसी को भनक तक नहीं लग पाई। इसी गांव के राजन सिंह के घर पर चोरों ने धावा बोला। इस बीच घर की एक महिला जग गई और सिर्फ एक बैग ही लेकर चोर भाग पाए। इसके बाद गांव के चंद्र किशोर सिंह के घरों पर भी चोर ने धावा बोला, मगर जग जाने के बाद वहां चोर कामयाब नहीं हो पाए। घटना के बाद रात में ही गांव में डायल 112 की टीम पहुंची। धर्मराज सिंह ने बताया कि उसके घर से जो दो बॉक्स चोर ले गए, वह सुबह गांव के बगल गन्ने के खेत में मिल गया। बॉक्स में कागजात व कपड़े थे, जिन्हें चोर छोड़ गए। विश्वनाथ सिंह के घर से भी जो बॉक्स ले गए थे, उसमें कपड़े के अलावा कुछ सामान भी थे। इसके बाद चोर पैकोलिया थाना क्षेत्र के राम जानकी नगर वार्ड में चेतरा गांव पहुंचे। गांव के पंचराम शर्मा के घर में घुसे चोर बॉक्स को चुरा ले गए। ग्रामीणों ने सुबह उस बॉक्स को गांव के बाहर बरामद किया। इसी गांव के विनोद शर्मा के घर भी चोर पहुंचे थे, जहां चोर चोरी करने में कामयाब नहीं हो पाए। एक ही रात छह घरों में चोरों के दस्तक के बाद गांव में दहशत का माहौल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पैकोलिया केके साहू ने बताया कि दो गांव में छह घरों में कर घुसे हैं, मगर नकदी व जेवरात चोरी नहीं हो पाया है।

# पूर्वजों के मंदिर पहुंचे अवनीश अवस्थी, परिवार के साथ किया रुद्राभिषेक, बोले- हर साल निभाते हैं परंपरा

**कानपुर।** मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार अवनीश अवस्थी ने महाशिवरात्रि पर अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सैकड़ों वर्ष पुराने शिव मंदिर में सपरिवार पूजन किया। उन्होंने इसे अपनी पारिवारिक परंपरा और गहरी आस्था का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार अवनीश अवस्थी ने रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। सैकड़ों वर्ष पुराने इस अद्वितीय शिवालय में बाबा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बता दें कि इस प्राचीन मंदिर का निर्माण अवनीश अवस्थी के पूर्वजों द्वारा कराया गया था, जिससे उनका गहरा भावनात्मक और आध्यात्मिक लगाव है। मुख्यमंत्री के सलाहकार ने सपरिवार मंदिर पहुंचकर शिवलिंग पर गंगाजल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर अभिषेक किया। पूर्वजों की विरासत और जड़ों से जुड़ने का एक माध्यम उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस दौरान अवनीश अवस्थी ने बताया कि वे हर वर्ष महाशिवरात्रि पर अपने परिवार के साथ यहां अवश्य आते हैं। यह उनके लिए केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों की विरासत और जड़ों से जुड़ने का एक माध्यम है।



# नए उपभोक्ताओं के घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

हरैया। शनिवार को बिजली उपकेंद्र पर स्मार्ट मीटर लगाने वाली एजेंसी के अधिकारियों ने निगम के अधिकारियों के साथ स्मार्ट मीटर लगाए जाने के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। पहले चरण में बिजली कर्मियों व नए उपभोक्ताओं के घरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में स्मार्टमीटर लगाने का निर्णय लिया गया। उपकेंद्र पर जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए स्मार्ट मीटर लगाने वाली एजेंसी के जोनल मैनेजर वीएस पांडेय के साथ अधिशासी अभियंता अजय मौर्या ने इससे जुड़े लाभ कर्मियों को बताए।

## संक्षिप्त खबरें

### लाइसेंस शुल्क के नोटिस पर भड़के स्वर्ण कारोबारी

बस्ती। सरार्फा एवं स्वर्ण व्यवसायी संघ बस्ती और नगर पालिका बस्ती अधिकारियों की बैठक शनिवार को नपा कार्यालय में हुई। सरार्फा व्यापारियों के ऊपर 3,62,000 से लेकर 92 हजार तक लगाएं गये लाइसेंस शुल्क के नोटिस को लेकर कारोबारियों ने विरोध जताया। ईओ अंगद गुप्ता और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा के समक्ष अपनी बात रखते हुए निराकरण की मांग की। जिलाध्यक्ष कुंदन लाल वर्मा ने कहा कि इतने सारे टैक्स व्यापारी पहले से ही दे रहा है, दुकानों का कामर्शियल हाउस टैक्स दे रहा है, इस पर नए लाइसेंस शुल्क लगाया जाना उचित नहीं है। सरार्फा व्यापारियों को भेजा गया नोटिस वापस लिया जाए। नगर अध्यक्ष हरि ओम प्रकाश ने कहा कि लाइसेंस शुल्क छोटे से छोटे व्यापारियों पर लगा दिया है, जिसका फिर से सर्वे करा कर छोटे व्यापारियों को लाइसेंस शुल्क की परिधि से बाहर किया जाए। संरक्षक मणिलाल वर्मा, मनोज सर्राफ, उपाध्यक्ष विश्वनाथ वर्मा, टुनटुन सोनी, गौरव भारत गुप्ता, कृष्ण कांत सोनी, अमित सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

### 84 सड़कों पर खर्च होंगे 13.26 करोड़, टेंडर जारी

बस्ती। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय निर्माण खंड की तरफ से जिले की 84 सड़कों (63 किमी) की मरम्मत और नवीनीकरण पर 13.26 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। दो माह पहले इन सड़कों के प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। 15 दिन पहले इनकी स्वीकृति मिली थी, अब टेंडर की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। सभी सड़कों के लिए निविदा निकाल दी गई है। 100 करोड़ से होगी खस्ताहाल 926 सड़कों की मरम्मत जिले में सड़कों का जाल बिछ जाने से आवागम काफी सुगम होगा। राहगीर आसानी से गंतव्य तक सफर कर सकेंगे। एक्सईएन इं. संजीव कुमार ने बताया कि हरैया विधानसभा क्षेत्र के 84 छोटे मार्गों के नवीनीकरण और मरम्मत संबंधी कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। 25 फरवरी तक टेंडर फाइनल होने के बाद नामित फर्म के लिए वर्कआर्डर जारी किया जाएगा, इसमें 84 सड़कें शामिल हैं। विक्रमजोत जरवापुर मार्ग के किमी. तीन बलराम प्रजापति के घर से तालागांव छोटका पुरवा संपर्क मार्ग, कलानी मार्ग, विक्रमजोत नहरपट्टी मार्ग, पुरेनाथ पैकोलिया मार्ग, कोहल पिचमार्ग, खतमसराय मार्ग, कालीनदी मार्ग, विक्रमजोत हुसैनिया, हरेवा शुक्ल समेत 84 मार्ग पर कार्य होगा।

### महाशिवरात्रि पर 24 घंटे खुली रहेगी इमरजेंसी

बस्ती। सीएमओ डॉ. राजीव निगम ने महाशिवरात्रि, होली व आगामी त्योहारों को देखते हुए जनपद और ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों में 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं आम लोगों को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि चिकित्सा, स्वास्थ्य तथा उपचार सेवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। एंबुलेंस सेवा पूरी तरह क्रियाशील रखी जाए तथा संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में एंबुलेंस की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सभी चिकित्सा इकाइयों पर आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं, प्राथमिक उपचार सामग्री, आईवी फलुइड, एंटी एलर्जिक दर्द निवारक दवाएं, बर्न ट्रीटमेंट से संबंधित दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सकीय उपकरणों को क्रियाशील रखा जाए। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम बनाकर नोडल अधिकारी नामित किया जाए।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

वाल्टरगंज। बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर बेलहरा चौराहे पर शनिवार की सुबह करीब 10 बजे कार की टक्कर से बाइक सवार रोहित सिंह (35) निवासी बेलहरा गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान दोपहर करीब दो बजे उसने दम तोड़ दिया।मौत की खबर लगते ही पत्नी साक्षी सिंह, बेटा अक्षत सिंह, माता रामा सिंह, भाई सूरज सिंह सहित परिवार के सभी लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर गांव के तमाम लोग उसके घर पहुंच गए। परिजनों को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों ने बताया कि रोहित बाइक लेकर अपने घर से मुख्य सड़क के बगल में स्थित सरकारी राशन लेने कोटेदार के घर अंगूठा लगाने जा रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम पहुंचकर घायल को अस्पताल भेजवाया तथा कार को कब्जे में ले लिया। शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

### 20 फरवरी से चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें

बस्ती। होली त्योहार के चलते ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कई होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन कराने की रूपरेखा तैयार की गई है। स्पेशल ट्रेनों का संचालन 20 फरवरी से किया जा रहा है। होली पर दस और विशेष ट्रेनों की समय सारिणी जारी, अयोध्या-काशी जाने वालों के लिए मिलेगी राहत पूर्वोत्तर रेलवे रेलवे प्रशासन की ओर से ट्रेन संख्या 04022 होली स्पेशल ट्रेन 20 फरवरी से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलेगी, जो गाजियाबाद, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा के रास्ते बस्ती रेलवे स्टेशन पर 3:02 बजे पहुंचेगी और शाम पांच बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापस में ट्रेन संख्या 04021 जो गोरखपुर जंक्शन से 21 फरवरी को सुबह 7 बजे आगे के लिए प्रस्थान कर बस्ती रेलवे स्टेशन पर 8:05 बजे, गोंडा 9:45 बजे, लखनऊ 1:25 बजे पहुंचेगी ।

## साथी पोर्टल के द्वितीय फेज के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ (संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा विकसित किए गए श्साथी पोर्टलश के द्वितीय फेज को उत्तर प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दो दिवसीय विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। 13 और 14 फरवरी को कृषि निदेशालय में कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञों और एन.आई.सी. के वरिष्ठ निदेशकों द्वारा पोर्टल के तकनीकी पहलुओं और इसके संचालन की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बीज व्यवसाय को पारदर्शी बनाना और डिजिटल माध्यम से किसानों तक उच्च गुणवत्ता वाले बीज की पहुंच सुनिश्चित करना है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ तकनीकी सहायक सीड डॉ. सोनू कुमार चौधरी, वरिष्ठ निदेशक आईटी एनआईसी अर्चना एवं अविनाश विजयकुमार पेडगाँवकर, और संयुक्त निदेशक निलाद्रि बिहारी मोहंती ने अपनी टीम के साथ प्रतिभागियों को पोर्टल की कार्यप्रणाली समझाई। इस अवसर पर महाराष्ट्र कृषि विभाग की उप कृषि निदेशक डॉ. प्रीति सवाईराम ने महाराष्ट्र में साथी पोर्टल की सफलता की कहानी साझा की और इसके विभिन्न चरणों व लाभों से अवगत कराया।

# चला जाता हूं किसी की धुन में

■ ग्वालियर

शहर में शनिवार को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा गीत गाकर और माता पिता के चरण धोकर वेलेंटाइन डे मनाया। इसी क्रम में गायक कलाकार मित्र समूह द्वारा चिकित्सकों के साथ एक होटल में गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंजू मस्तागर ने अब के सजन सावन में, रोहिणी टोकेकर और सुरेश घोड़के ने चल दरिया में डूब जायें, पूजा शर्मा ने रोज-रोज आंखों तले, हर्षिका दुबे ने ये लड़का हाय अल्लाह, हर्षदा गोखले ने तेरे हवाले कर दिया, राकेश बक्शी ने फिर वही रात है प्यार की, बीरेंद्र बाथम ने चला जाता हूं किसी की धुन में, राजवल्लभ चौहान नें मैं पल दो पल का शायर हूं, अनुराधा घोड़के और रवि गर्ग ने दो लफ्जों की है कहानी, सुधीर कश्यप ने बस एक सनम चाहिए, डॉ. बीआर श्रीवास्तव ने आज जाने की जिद ना करो, डॉ. राजीव और डॉ. शैफाली अग्रवाल ने इक मैं और इक तू गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। संचालन पूजा शर्मा और हर्षदा गोखले एवं आभार सुरेश घोड़के और हर्षिका दुबे ने किया।



### कपल्स नृत्य किया

जेसीआई ग्वालियर द्वारा इस दिन को अलग-अलग विषय के साथ मनाया गया। इस दिन जेसीआई सदस्यों ने कपल्स नृत्य किया। इसके साथ मनोरंजक खेल भी खिलाए गए। कार्यक्रम के अंत में विजयी कपल्स को उपहार दिए। कार्यक्रम में सेल्फी पॉइंट यादगार रहा। कार्यक्रम में नीलेश बिंदल, कपिल अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, विजय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### माता-पिता के धोए चरण

माधव वृद्ध आश्रम में नूतन श्रीवास्तव द्वारा इस दिन को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर माता-पिता के चरण धोए और रोली चावल का तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया।

### 'एआई इन मीडिया एंड गवर्नेंस' पर मंथन के साथ एमिटी मीडिया फेस्ट का समापन

# एआई के उपयोग में संतुलन आवश्यकः राजपूत

■ ग्वालियर




एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एमिटी मीडिया फेस्ट का समापन शनिवार को हुआ। तीन दिनों तक चले इस फेस्ट में रचनात्मक प्रतियोगिताओं, इंडस्ट्री संवाद और मीडिया कॉन्क्लेव के माध्यम से विद्यार्थियों को मीडिया जगत में हो रहे तकनीकी और वैचारिक बदलावों से रूबरू होने का अवसर मिला।

फेस्ट के प्रथम दिवस जहां रंगारंग शुरुआत हुई, वहीं दूसरे दिन लघु फिल्म निर्माण, अभिनय और लेखन विषयों पर संवाद एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन सत्रों में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेता योगेन्द्र विक्रम सिंह, लेखक एवं वक्ता शांतनु गुप्ता तथा फिल्म निर्देशक जीतंक ने अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

फेस्ट के अंतिम दिन 'एआई इन मीडिया एंड गवर्नेंस' विषय पर आयोजित मीडिया कॉन्क्लेव आकर्षण का केंद्र रहा।

मुख्य अतिथि एबीपी न्यूज के एडिटोरियल कंसल्टेंट एवं डिफेंस एडिटर नीरज राजपूत ने कहा कि एआई ने रक्षा पत्रकारिता में विश्लेषण क्षमता को मजबूत किया है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में इसके उपयोग में संतुलन अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा (सेवानिवृत्त) ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शासन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बना रही है, लेकिन इसके साथ नैतिक मूल्यों का संतुलन बनाए रखना जरूरी है। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) आर.एस. तोमर ने एआई से जुड़ी भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बदलाव के लिए तैयार रहने की आवश्यकता बताई।

विभाग प्रमुख डॉ. आदित्य के. शुक्ला ने कहा कि एआई मीडिया की कार्यप्रणाली को तेजी से बदल रही है और आने वाले समय में यह पत्रकारिता का अहम आधार बनेगी।

कृतिका गोयल ने एआई और डीपफेक से जुड़ी चुनौतियों पर चिंता जताते हुए तथ्य-सत्यापन को सबसे बड़ी जिम्मेदारी बताया। आयुष्मान अरुण कुमार ने कहा कि एआई के माध्यम से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता लाई जा सकती है। आयोजन संयोजक डॉ. प्रणव मिश्रा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।



# मिलिट्री हॉस्पिटल में 110 लोगों की जांच, दिया परामर्श

■ ग्वालियर

कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से मिलिट्री हॉस्पिटल में चार दिवसीय कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन कैंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बी. आर. श्रीवास्तव एवं मिलिट्री हॉस्पिटल के सीनियर रजिस्ट्रार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मिलिट्री हॉस्पिटल के सीनियर रजिस्ट्रार, दो युवा मेडिकल ऑफिसर (कैप्टन), दो नर्सिंग ऑफिसर (एक लेफ्टिनेंट कर्नल एवं एक कैप्टन) सहित अन्य चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से चार विशेषज्ञ चिकित्सक एवं प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।शिविर के पहले दो दिनों में 110 से अधिक लोगों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श किया गया। इस दौरान 60 मैमोग्राफी, 66 पैप स्मीयर, 1 एफएनएसी तथा 3 पंच बायोप्सी की गईं। कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई और जागरूकता संबंधी पेम्फलेट भी वितरित किए गए।

# सामाजिक सरोकारों से जोड़ता है शोधः सहस्त्रबुद्धे

### 65 शोधपत्रों की प्रस्तुति के साथ जेयू में नैनोमैटेरियल्स संगोष्ठी का समापन

■ ग्वालियर

वर्तमान समय में पर्यावरणीय संकट वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है। ऐसे में नैनोमैटेरियल्स आधारित तकनीकें प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। विज्ञान और कला दोनों का उद्देश्य समाज को बेहतर दिशा देना है और जब शोध सामाजिक सरोकारों से जुड़ता है, तभी उसका वास्तविक महत्व सिद्ध होता है। शोधकर्ताओं को किताबी नहीं प्रैक्टिकल आधारित शोध करना चाहिए। यह बात शनिवार को राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने जीवाजी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन एनवायरनमेंटल कैमेस्ट्री द्वारा प्रदूषण निवारण में नैनोमैटेरियल्स के उभरते रुझान विषय पर पीएम उषा के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कुलगुरु प्रो. जेएन गौतम ने की। भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो. गजानन पाण्डेय, प्रो.एसएन महापात्रा एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. निमिषा जादौन मंचासीन रहे।



प्रो. पाण्डेय, निमिषा जादौन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समापन सत्र में 32 रिसर्च पेपर के साथ 65 से अधिक शोधपत्रों का वाचन किया गया। अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन विपिन जैन एवं आभार डॉ. प्रतिभा शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. महेंद्र गुप्ता, डॉ. मनोज शर्मा, प्रो. डीसी गुप्ता, डॉ. सपन पटेल, डॉ.उमा शर्मा, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. धनंजय, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. विनोता थोकचुम सहित शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अग्रवाल महासभा का होली मिलन समारोह आठ को

■ ग्वालियर

श्री अग्रवाल महासभा द्वारा 8 मार्च को जीवाईएमसी मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय महासभा की कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। अध्यक्ष सुरेश बंसल एवं महामंत्री रवि कुमार गर्ग ने बताया कि 8 मार्च रविवार को सायं 7 बजे से जीवाईएमसी परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में परंपरागत तरीके से फूलों की होली खेली जाएगी।

साथ ही जोधपुर के अंतरराष्ट्रीय कलाकार जय चौधरी अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ ही अग्रवाल समाज की महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम 'फाग की उमंग होली गीतों के संग' रखा गया है। जिसमें महिलाएं होली के पारंपरिक गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विष्णु जैन, हरिबाबू गोयल, कोषाध्यक्ष जे. सी. गोयल, दिलीप अग्रवाल, शैलेन्द्र बंसल, रेखा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल, मनोज अग्रवाल 'बाबा', राजेश ऐरन, श्याम बंसल अप्पा, दीपक जैन, सतीश अग्रवाल, अरुण बंसल, मोहन अग्रवाल, सतीश गोयल, अजय सिंघल आदि उपस्थित रहे।



### रंगारंग होली धमाल चार को

श्री अग्रवाल शक्ति ग्वालियर द्वारा होली के अवसर पर 4 मार्च को जीवाईएमसी मैदान रंगोत्सव होली धमाल का आयोजन किया गया है। मुख्य आयोजक आंनद अग्रवाल रंग वाला ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः 8 :30 से रात्रि 11 बजे तक होली खेली जाएगी। शाम 5 से रात्रि 11 बजे तक जीण माता का मंगल पाठ, भजन संध्या एवं इत्रों की होली के साथ प्रसादी कार्यक्रम रहेगा। इस अवसर पर कलकत्ता के भजन गायक नीरज अग्रवाल प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में तीनों शहर के अग्रवाल समाज के संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### 12वीं के छात्र ने की आत्महत्या

शिवपुरी। शहर की करौंदी कॉलोनी में 12वीं कक्षा के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शुक्रवार को हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक छात्र की पहचान नमन राठौर के रूप में हुई है। वह 12वीं कक्षा का छात्र था और इन दिनों उसकी बोर्ड परीक्षाएं चल रही थीं। नमन एक पेपर दे चुका था। घटना के समय नमन घर पर अकेला था। उसके पिता मिथुन राठौर अपनी पत्नी के साथ बागेश्वर धाम दर्शन के लिए निकले थे। बताया गया है कि जब वे झांसी पहुंचे, तभी उन्हें बेटे द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अपेक्षाएं ही बनती हैं अंदरूनी तनाव का कारणः डॉ. सिंह


■ ग्वालियर

अपेक्षा और वास्तविकता के बीच के अंतर से ही तनाव होता है। तनाव दो प्रकार का होता है बाहरी और अंदरूनी। बाहरी तनाव में अकादमिक, सामाजिक और दैनिक उतार-चढ़ाव आते हैं। दूसरी ओर हमारी अपनी अपेक्षाएं ही अंदरूनी रूप से तनाव का कारण बनती हैं। हर व्यक्ति तनाव के दौर से गुजरता है। लेकिन उचित प्रबंधन से इससे होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। यह बात मानसिक आरोग्यशाला के सहायक प्राध्यापक डॉ. नंदकुमार सिंह ने कही। वह शनिवार को श्यामलाल पांडवीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार (एसएलपी) में तनाव प्रबंधन एवं माइंडफुलनेस अभ्यास विषय पर छात्र छात्राओं को तनाव से दूर रहने की जानकारी दे रहे थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुघ्न सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि एसडीएम नरेश गुप्ता, डॉ. देवेंद्र सिंह गुर्जर, प्रहलाद सिंह घुरैया, नीरू सिंह ज्ञानी उपस्थित थीं। इस दौरान डॉ. नंदकुमार सिंह ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। आभार डॉ. सुनीता वार्ष्णेय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. एके त्रिपाठी, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. अनूप यादव, डॉ. वंदना चतुर्वेदी, डॉ. चेतना श्रीवास्तव, केके शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम गड़ाजर में लाठी-सरिया लेकर पहुंचे बदमाश, एक गिरफ्तार

■ भितरवार

भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ाजर में खुलेआम गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। गांव के ही दो युवकों के द्वारा एक व्यक्ति के घर पहुंचकर रंगदारी दिखाने और हंगामा करने की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार संतोष उर्फ शेरू पवैया एवं हीरू पुत्र छोटे पवैया कथित रूप से उदय सिंह परिहार के घर पहुंचे और मारपीट करने की नीयत से हंगामा करने लगे। बताया जा रहा है कि आरोपी लाठी एवं लोहे के सरिया लेकर पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपियों ने खुलेआम धमकी दी और घर को बुलडोजर से गिराने की बात कही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया और घटना को अंजाम देने वाले एक मुख्य आरोपी संतोष पवैया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# महाशिवरात्रि आज, सजे शिवालय, रात से ही मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

■ भितरवार

महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को विशेष संयोग में मनाया जाएगा। अंचल के सभी शिवालयों को फूलों के साथ ही आर्कषक रोशनी से सजाया गया है। शिवरात्रि पर मंदिरों में कांवरें चढ़ाने के साथ ही अभिषेक, महाआरती और भजन सहित अन्य कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं सामाजिक संस्था द्वारा शिव बारात और शिव विवाह का आयोजन किया जाएगा। शनिवार शाम से ही धूमेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली, वहीं प्रशासन ने मंदिरों में सुरक्षा के इंतजाम कर लिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस के साथ तैनात की गई है।

ग्राम साखनी के पास स्थित प्राचीन धूमेश्वर मंदिर पर विशाल मेला आयोजित किया जाएगा। धूमेश्वर धाम महंत महामंडलेश्वर अनिरुद्ध वन महाराज के अनुसार यहां 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर के बाहरी हिस्से और गर्भगृह को आर्कषक एवं फूलों से सजा दिया गया है। यहां रात से ही कांवरे चढ़ाई जाएंगी। सुबह अभिषेक के साथ छप्पन भोग, आर्कषक श्रंगार और महाआरती होगी। सिंध नदी के समीप स्थित मंदिर क्षेत्र में अप्रिय घटना से बचाव के लिए बैरिकेडिंग की गई है तथा एनडीआरएफ की टीम तैनात की है। श्रद्धालुओं से नदी घाट की ओर न जाने की अपील की गई है। आसपास के दुकानदार भी दो दिन पहले से अपनी दुकानें सजाकर तैयार हैं।



### गोलेश्वर मंदिर पर होंगे भजन

भितरवार के पार्वती नदी के तट स्थित और ग्राम करहिया में महादेव मंदिर में अंचल से काफी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। यहां अभिषेक और भजन के कार्यक्रम होंगे। शनिवार को ही मंदिरों को आर्कषक ढंग से सजा दिया गया है। गोलेश्वर महोदव पर भी मेला लगेगा। वहीं शहर से 25 किलोमीटर दूर प्राचीन धुंडेश्वर महादेव पर भी मेले का आयोजन किया जाएगा।

# खनिज विभाग की टीम ने रेत का अवैध उत्खनन कर रही पनडुब्बी को किया नष्ट

### 1050 घन मीटर अवैध रेत जब्त, नियमानुसार होगी कार्रवाई



■ शिवपुरी


करैरा अनुभाग की नरवर तहसील अंतर्गत ग्राम सीहोर में शासकीय भूमि से अवैध रूप से रेत उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया है। खनिज विभाग ने शुक्रवार को कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार ग्राम सीहोर में रेत माफिया लंबे समय से सरकारी जमीन से अवैध खनन कर रहे थे। सूचना मिलने पर खनिज अधिकारी उईके एवं खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

खनिज विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए। हालांकि मौके पर मिली एक पनडुब्बी को टीम ने नष्ट कर दिया। उत्खनन स्थल के पास अवैध रूप से निकाली गई रेत के दो बड़े ढेर पाए गए। टीम ने करीब 1050 घन मीटर रेत जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। खनिज अधिकारी के अनुसार यह खनन किसके द्वारा किया जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है।

# बस-ट्रक की भिड़ंत में महिला की मौत, 7 घायल

■ शिवपुरी






लुकवासा क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर नेशनल हाईवे-46 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां सवारियों से भरी एक बस और ड्रमों से लदे आयशर ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षत्रिय बंधु ट्रेवल्स की बस (क्रमांक एमपी 41 पी 1380) शिवपुरी से गुना की ओर जा रही थी। लुकवासा कस्बे में सवारियां उतारने के बाद बस जैसे ही क्रॉसिंग से हाईवे पर चढ़ रही थी, तभी गुना की ओर से आ रहे ड्रमों से भरे आयशर ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। डॉक्टरों ने रवीना पंथ पत्नी बिंदु पंथ (25) को मृत घोषित कर दिया। रवीना अपने मायके मनियर से ससुराल म्याना जा रही थीं। हादसे में प्रदीप पुत्र बाईसराम धाकड़ (27) निवासी बदरवास, शंकर छारी पुत्र रामसेवक छारी निवासी डाबरपुरा बैराड़, प्रकाश चंद कुशवाह निवासी बारई बदरवास तथा रामकुमार आदिवासी (35) निवासी अशोकनगर सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है।

### बाल-बाल बचे बेलपत्र तोड़ने आए बच्चे


हादसे के समय दो बच्चे शिवरात्रि के लिए बेलपत्र तोड़ने हाईवे किनारे पहुंचे थे। उन्होंने अपनी स्कूटी सड़क किनारे खड़ी कर थोड़ी दूरी पैदल तय की थी, तभी यह दुर्घटना हुई। कुछ ही मिनटों के अंतराल ने उनकी जान बचा ली। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## काली स्कॉर्पियो से सिपाही को उठा ले गई राजस्थान पुलिस

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में सिपाही के अपहरण की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि सिपाही राजस्थान के 2002 के एक मामले में वांछित था। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। राजस्थान पुलिस उसे उठाकर ले गई है, तो अफसरों ने राहत की सांस ली। घटना रविवार सुबह 9 बजे गोमती नगर इलाके के ग्वारी गांव में हुई। सिपाही की पहचान ग्वारी निवासी अखिलेश त्रिपाठी के रूप में हुई। लखनऊ में स्मारक समिति की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मायावती सरकार में एक विशेष सुरक्षा वाहिनी का गठन हुआ था। सिपाही अखिलेश त्रिपाठी इसी वाहिनी में तैनाती है। इन दिनों उसकी अंबेडकर पार्क में ड्यूटी रहती थी। रविवार सुबह वह अपने 2 बेटों के साथ टहलने निकला था। प्रत्यक्षदर्शी बेटों के अनुसार, अचानक एक काली स्कॉर्पियो उनके पास आकर रुकी। कार से उतरे लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। पिता अखिलेश त्रिपाठी को जबरन गाड़ी में बैठा लिया। पूरी घटना इतनी जल्दी हुई कि आसपास के लोग समझ ही नहीं पाए कि मामला क्या है? घबराकर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

# गंजेपन से छुटकारा पाएंरू बस हफ्ते में खानी होगी 4 चीजे, जिनसे बालों की सेहत में होगा फर्क





आजकल बालों का झड़ना और गंजेपन की समस्या बहुत आम हो गई है। कई लोग इस समस्या से निपटने के लिए दवाइयों और ट्रीटमेंट्स का सहारा लेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह समस्या सिर्फ बाहरी कारणों की वजह से नहीं, बल्कि शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण भी हो सकती है? यदि आप अपनी डाइट में सुधार लाते हैं, तो आप बिना किसी साइड इफेक्ट के बालों की सेहत को बेहतर बना सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे आहार के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें हफ्ते के सातों दिन अपनी डाइट में शामिल करके आप बालों की झड़ने की समस्या को रोक सकते हैं और गंजेपन से छुटकारा पा सकते हैं।

पंपकिन सीड्स (कद्दू के बीज)

कद्दू के बीज में जिंक और आयरन की अच्छी मात्रा होती है। ये दोनों तत्व डीएचटी हार्मोन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, जो बालों के झड़ने का प्रमुख कारण होता है। अगर आप रोज एक चम्मच कद्दू के बीज खाते हैं, तो यह बालों को मजबूत और स्वस्थ बना सकता है।

शकरकंदी

शकरकंदी में बीटा कैरोटीन पाया जाता है, जो शरीर में विटामिन ए में बदल जाता है। विटामिन ए बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि यह स्कैल्प में सीबम का उत्पादन बढ़ाता है, जिससे बालों को नमी और पोषण मिलता है। यह बालों को स्वस्थ और मुलायम बनाए रखने में मदद करता है।

हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी और सरसों में आयरन की अच्छी मात्रा होती है, जो बालों के झड़ने को कम करने में मदद करती हैं। आयरन की कमी से बालों का झड़ना बढ़ सकता है, इसलिए हरी सब्जियों का सेवन बालों को मजबूत रखने के लिए जरूरी है।

मछली

अगर आप नॉन वेज खाते हैं, तो मछली बालों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। मछली में ओमेगा 3 फैटी एसिड्स होते हैं, जो बालों की सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। ओमेगा 3 बालों को न सिर्फ मजबूत बनाता है, बल्कि यह बालों की वृद्धि को भी बढ़ावा देता है।

बालों के झड़ने को रोकने के लिए इन आहारों का सेवन करें

पंपकिन सीड्स (कद्दू के बीज) से बालों को डीएचटी हार्मोन से सुरक्षा मिलेगी।

शकरकंदी त्वचा और बालों को प्राकृतिक तरीके से मॉइस्चराइज करता है।

हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन की कमी को दूर करती हैं, जिससे बाल झड़ने की समस्या कम होती है।

मछली ओमेगा 3 से बालों की सेहत बेहतर बनाती है।

अगर आप इन आहारों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, तो बालों की झड़ने की समस्या धीरे-धीरे कम हो सकती है। बालों का झड़ना और गंजेपन की समस्या को नजरअंदाज न करें, क्योंकि समय रहते सही कदम उठाने से आप इस समस्या से बच सकते हैं।

डिस्क्लेमरः यह लेख इंस्टाग्राम पर प्रकाशित वीडियो पर आधारित है, जिसमें दी गई जानकारी पूरी तरह से आम राय और अनुभवों पर आधारित है। किसी भी नुस्खे को अपनाने से पहले विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है।

## कोडीन कफ सिरप मामले में एसटीएफ ने आरोपी अमित यादव को किया गिरफ्तार, सीएम ने सदन में दिखाई थी फोटो

उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की लखनऊ इकाई ने कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध भंडारण और तस्करी के सिलसिले में वाराणसी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की पहचान वाराणसी के मैदागिन निवासी अमित यादव के रूप में हुई जिसे शनिवार को हरहुआ रिंग रोड के पास से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में कफ सिरप तस्करी के आरोपों में मामला दर्ज था और वह फरार था। उन्होंने कहा, पूछताछ में यादव ने बताया कि वह हरिश्चंद्र पोस्टग्रेजुएट कॉलेज का छात्रसंघ अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी की युवा सभा का राज्य सचिव रह चुका है। अधिकारियों ने कहा, अमित यादव ने कबूल किया कि कॉलेज में पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात शुभम जायसवाल से हुई थी। शुभम के पिता भोला प्रसाद की कंपनी शैली ट्रेडर्स कथित तौर पर एबॉट की फेंसेडिल कफ सिरप की तस्करी में संलिप्त थी। बताया जाता है कि कोडीनयुक्त कफ सिरप का नशे के रूप में इस्तेमाल होता है और पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश में इसकी काफी मांग रहती है। अधिकारियों के मुताबिक लाभ के लालच में अमित ने शुभम के कहने पर अपनी कंपनी जीएल सर्जिकल के जरिए एक लाख से अधिक बोतलें खरीदीं और उन्हें अन्य कंपनी के नाम पर फर्जी बिक्री दिखाकर ऊंचे दामों में बेच दिया।उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ पहले से दंगा, हत्या के प्रयास और धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। पुलिस राज्यभर में कोडीनयुक्त कफ सिरप के भंडारण और वितरण से जुड़े कथित अवैध नेटवर्क की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले साल दिसंबर में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के नकली दवाओं और कोडीन सिरप से कथित मौतों के आरोपों का खंडन करते हुए कहा था कि सरकार के संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं आया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि इस प्रकरण में आरोपियों के सपा से संबंधों के प्रमाण मिले हैं और सदन में तस्वीरें दिखाकर दावा किया था कि एक आरोपी अमित यादव को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ देखा गया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मामले के कथित सरगना शुभम जायसवाल के भी सपा से संबंध थे और वह अमित का कारोबारी साझेदार था।

# बिना केमिकल घर पर इस तरह बनाएं नेचुरल फूड प्रिजर्वेटिव

नींबू का रस एक नेचुरल प्रिजर्वेटिव है। यह विटामिन सी से भरपूर होता है और यही वजह है कि ये बैक्टीरिया को बढ़ने ही नहीं देता। आप कटे हुए फलों पर हल्का सा नींबू लगाकर ब्राउन होने से बचा सकते हैं।इसके अलावा, अचार, चटनी या डिप्स में डालने से ज्यादा समय तक चलते हैं। आजकल हम सभी घर का हेल्दी खाना तो खाना चाहते हैं, लेकिन घर का बना खाना भी कभी-कभी जल्दी खराब हो जाता है। अगर आप खाना फ्रिज में रख दो, तब भी 2-3 दिन बाद अजीब सी बदबू आने लगती है। अगर सब्जी हो तो वो खराब हो जाती है, चटनी का रंग बदलकर भूरा पड़ जाता है और कटे हुए फल तो कुछ ही मिनटों में काले होने लगते हैं। ऐसे में खाने की बबार्दी होती है। उस समय ऐसा लगता है कि काश कोई ऐसा सुरक्षित तरीका हो जिससे खाना ज्यादा देर तक ताजा रहे। इसके लिए अक्सर हम मार्केट में मिलने वाले फूड प्रिजर्वेटिव्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। हमारे घर की रसोई में ही इतने सारे नेचुरल उपाय होते हैं, जो खाने को बिना किसी केमिकल के लंबे समय तक सुरक्षित



रख सकते हैं। नींबू, नमक, सिरका, हल्दी, लहसुन, ये रोज की साधारण दिखने वाली चीजें असल में बहुत बेहतरीन नेचुरल प्रिजर्वेटिव्स की तरह काम करते हैं। इन्हें आप अचार, चटनी, सॉस, सलाद, फलों, यहां तक कि पके हुए खाने में भी आसानी से इस्तेमाल कर सकते हो। साथ ही साथ, नेचुरल होने की वजह से ये सभी के लिए सेफ माने जाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ नेचुरल प्रिजर्वेटिव्स के बारे में बता रहे हैं- नींबू का रस नींबू का रस एक नेचुरल प्रिजर्वेटिव है। यह विटामिन सी से भरपूर होता है और यही वजह है कि ये बैक्टीरिया को बढ़ने ही नहीं देता। आप कटे हुए फलों पर हल्का सा नींबू लगाकर ब्राउन होने से बचा सकते हैं।इसके अलावा, अचार, चटनी या डिप्स में डालने से ज्यादा समय तक चलते हैं।

नमक नमक सबसे पुराना देसी प्रिजर्वेटिव है, जो नमक नमी खींच लेता है। यह बैक्टीरिया को जड़ से रोक देता है। आप चाहें नींबू का अचार बनाएं या फिर आम, हरी मिर्च का, यह हर तरह के अचार में असली प्रिजर्वेटिव की तरह काम करता है। वहीं, अगर सब्जियों को नमक मिले पानी में रखा जाए तो इससे वे लंबे समय तक सुरक्षित बने रहते हैं।

## गर्म कपड़े खराब कर रहे महिलाओं को हार्मोन, नहीं जानते होंगे ये सच्चाई!

सर्दियों में हम हर साल नई जैकेट, इनर और ऊनी कपड़े खरीदते हैं लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इन कपड़ों में इस्तेमाल होने वाले डाई, फिनिशिंग एजेंट और वॉटर-रेसिस्टेंट कोटिंग्स में ऐसे केमिकल्स हो सकते हैं जो शरीर के हार्मोन सिस्टम को प्रभावित करते हैं? वैज्ञानिक इन्हें कहते हैं म्दकवबतपदम क्पेतनचजवते



यानी ऐसे रसायन जो एस्ट्रोजन की नकल करते हैं या उसकी क्रिया को रोकते हैं। मेनोपॉज कोच तमन्ना सिंह ने महिलाओं के मेनोपॉज और हार्मोन असंतुलन से जुड़ी बेहद महत्वपूर्ण जानकारी महिलाओं के साथ साझा की है चलिए इसके बारे में बताते हैं।

मेनोपॉज और हार्मोन असंतुलन पर असर

मेनोपॉज के दौरान शरीर का हार्मोनल संतुलन पहले ही संवेदनशील होता है। ऐसे में ये टॉक्सिन्स हॉट फ्लैश, स्किन ड्राइनेस, थकान और मूड स्विंग्स जैसे लक्षण और बढ़ा सकते हैं। कई बार ये रसायन कपड़ों के रंग या टेक्सचर को टिकाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। खासकर सिंथेटिक फाइबर और वॉटरप्रूफ जैकेट्स में। सर्दियों में जब हम ये कपड़े लंबे समय तक पहनते हैं, तो ये त्वचा के संपर्क में रहकर धीरे-धीरे शरीर में अवशोषित होते हैं।

इन केमिकल्स से कैसे बचें

प्राकृतिक फैब्रिक चुनेंः 100ः कॉटन, ऊन या बांस के कपड़े पहनें।

नए कपड़े धोएंः नए कपड़े पहनने से पहले एक बार धोना जरूरी है।

सिंथेटिक कपड़ों से सावधानीः बहुत टाइट या लंबे समय तक सिंथेटिक कपड़े पहनने से बचें।

घर में वेंटिलेशन रखेंः घर की खिड़कियां खुली रखें ताकि हवा का प्रवाह बना रहे।

जो कपड़े हमें गर्म रखते हैं, वही कभी-कभी शरीर के भीतर असंतुलन का कारण बन सकते हैं, जागरूकता ही सुरक्षा है।

## जिम कॉर्बेट में सिर्फ जंगल सफारी ही नहीं, इन 5 एडवेंचर एक्टिविटी का लें मजा, जानें पूरी जानकारी

जिम कॉर्बेट में केवल सफारी ही नहीं, बल्कि रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रैम्पोलिन, कमांडो नेट जैसी रोमांचक एडवेंचर एक्टिविटी का भी आनंद लिया जा सकता है, जो प्रकृति के बीच एक अनूठा अनुभव प्रदान करती हैं।

जंगल सफरी देखना हर किसी को बेहद पसंद होता है। अगर आपको भी जानवर देखना और प्राकृति के बीच रहना काफी पंसद है, तो यह लेख आपके लिए है। रॉयल टाइगर के लिए लोकरप्रिय पार्क जिम कॉर्बेट, भारत पहला राष्ट्रीय उद्यान है। जिम कॉर्बेट उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित है, इसलिए यहां आने के लिए



पहले आपको नैनीताल पहुंचना होगा। रामनगर शहर से यह जगह लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर है। इस पार्क में आपको सफारी के अलग-अलग ऑप्शन मिलते हैं, जिसमें जीप सफारी, कैंटर सफारी और एलीफेंट सफारी देख सकते हैं। यह पार्क कई जोनों में बांटा हुआ है। इसलिए सफारी भी अलग-अलग हिसाब से ही करवाई जाती है। यहां जाने के लिए सबसे बढ़िया समय नवंबर से जून के बीच है।

रॉक क्लाइम्बिंग

जिम कॉर्बेट में जाने वाले लोग यहां पर जंगल सफारी के साथ ही एक्टिविटी भी कर सकते हैं। अपने बजट के अंदर ही एक्टिविटी कर सकते हैं। यहां पर हेलमेट, हार्नेस और सेफ्टी रोप जैसे सभी सुरक्षा उपकरण यहां दिए गए हैं। जब आप दीवार पर चढ़े तो नीचे उतरते समय घबराने की जरुरत नहीं है, क्योंकि यहां आपकी मदद के लिए कर्मचारी खड़े रहते हैं। आप यहां पर रैपलिंग भी कर सकते हैं।

ट्रैम्पोलिन

यहां पर बच्चों के साथ ही युवाओं के लिए ट्रैम्पोलिन की सुविधा दी जाती है। ट्रैम्पोलिन में आप एक गद्दे जैसे सतह पर कूदते हैं। इस पर आप कूदते हैं, तो जाल नीचे दबता है और फिर वापस ऊपर उछाल देता है। जो लोग जिम कॉर्बेट घूमने जा रहे हैं उनके लिए यह बेस्ट है।


कमांडो नेट

यदि आप अपने दोस्तों के साथ कमांडो नेट खेल में हिस्सा लेना चाहते हैं, तो जरुर लें। यह अर्मी के ट्रेनिंग कैंप की तरह होता है। इसमें आपको इस जाल पर चढ़कर ऊपर तक पहुंचना और फिर दूसरी तरफ से उतरना होता है। यह एक्टिविटी बच्चों और युवाओं के लिए बेहद बढ़िया है।

फ्लाइंग स्पैरो स्ट्रॉबेरी फार्म

इस नेशनल पार्क में आपको स्ट्रॉबेरी के ढेरों पेड़-पौधे देखने को मिलेंगे। कहीं रंग-बिरंगे पक्षी स्ट्रॉबेरी का स्वाद लेते दिख जाएंगे, तो कहीं नन्ही गिलहरियां लाल-लाल स्ट्रॉबेरी लेकर तेजी से इधर-उधर दौड़ती नजर आएंगी। हर कोई इस मनमोहक दृश्य को अपने फोन में कैद करना चाहता है।

# सर्दियों में बालों को झड़ने से कैसे बचाएं? आयुर्वेदिक डॉक्टर से जानें सही तेल चुनने का खास नियम



सर्दियों में बालों की रुखापन और डेंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है, जिसके समाधान के लिए आयुर्वेद नारियल तेल को वात दोष शांत करने वाला और स्कैल्प को नमी देने वाला बताता है, जबकि सरसों का तेल गर्माहट और ब्लड सकुर्लेशन बढ़ाकर बालों को पोषण देता है। डॉक्टर की सलाह के अनुसार, गुनगुना तेल लगाकर 10-15 मिनट धूप में बैठना और हफ्ते में कम से कम 3 बार तेल लगाना बालों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। डैंड्रफ के लिए नारियल तेल में कपूर मिलाकर इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है, जो हेयर फॉल और फ्रिजीनेस को कम करने में मदद करता है।

6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी! बस रोज सुबह खाली पेट यह करना है

विंटर सीजन अपने साथ ठंड, ड्राई स्किन और बालों में रुखापन और कई हेल्थ प्रॉब्लम लेकर आता है। सर्दियों में शरीर और बालों पोषण देने के साथ-साथ अंदर से भी गर्माहट देना बहुत जरुरी होता है। स्कैल्प ड्राई होने के कारण डेंड्रफ, ड्राईनेस और रुखेपन की समस्या बढ़ जाती है, जिससे हेयर फॉल भी बढ़ने लगता है। आयुर्वेद में सर्दियों में तेल का इस्तेमाल सिर्फ शरीर की मालिश के लिए नहीं, बल्कि बालों और स्कैल्प को पोषण देने के लिए बेहद जरुरी है। आयुर्वेद के अनुसार सर्दियों में बालों के लिए सही तेल का इस्तेमाल सिर में करना बेहद जरुरी है। आइए आपको बताते हैं विंटर में बालों के लिए सहीं तेल लगाने का आयुर्वेद में नियम क्या है?

सर्दियों में बालों के लिए तेल चुनने का आयुर्वेदिक नियम

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ती है, जिससे हवा भी काफी रुखी हो जाती है। जिस वजह से बाल बेजान, बिखरे हुए और टूटने वाले होने लगते हैं। स्कैल्प की स्किन पर सफेद परत, डेंड्रफ और खुजली भी बढ़ जाती है। इस स्थिति में नारियल तेल बालों को नेचुरल नमी प्रदान करता है। आयुर्वेद में बताया है कि नारियल तेल का नेचर मृदु होता है, जो वात दोष को शांत करता है। यह बालों की जड़ों को नमी प्रदान देता है, यह डैंड्रफ को कंट्रोल करता है, बाल टूटने, दोमुंहे होने और फ्रिजी होने से बचाता है।

नारियल तेल बालों में कैसे लगाएं

विंटर में नारियल का तेल जम जाता है। इसके लिए इसे आप थोड़ा गुनगुना करके स्कैल्प में अच्छी तरह मालिश करना चाहिए। रात भर इसे अपने बालों में लगा रहने दें और अगली सुबह बालों को धो लें।

डेली केयर के लिए सरसों का तेल

आयुर्वेद में सरसों का तेल को गर्म गुणों वाला माना गया है। सर्दियों में सरसो का तेल शरीर और सिर दोनों को गर्माहट देने के लिए जरुरी होता है। यदि आप बालों को रुटीन में मसाज करना चाहते है और पोषण देना चाहते हैं तो सरसों का तेल आपके लिए सबसे बेहतरीन विकल्प है। स्कैल्प में सरसों का तेल लागने से ब्लड सकुर्लेशन बेहतर होता है, यह बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है।

## सर्दी की ठिठुरन को कहें अलविदा, 3 चीजों से झटपट बनाएं लजीज हॉट कोको

सर्दियों की ठंडी सुबह के लिए, यह लेख आपको सिर्फ तीन सामग्रियों से झटपट स्वादिष्ट और गाढ़ा हॉट कोको बनाने की विधि बताता है। दूध, चॉकलेट और चीनी का मिश्रण आपको तुरंत गर्मी और स्वाद का अनुभव कराएगा, जिसे आप अपनी पसंद के अनुसार व्हीप्ड क्रीम या मार्शमैलो के साथ परोस सकते हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ हैरान हैं! यह 5 दिनों में दृष्टि में 100% तक ठीक कर देता हैः बिस्तर से पहले डाल

सर्दियों की ठिठुरती सुबह या आरामदायक शाम के लिए, अगर आपका



दिल भी मेरी तरह कुछ गर्म और बेहद टेस्टी पीने का कर रहा है, तो हॉट चॉकलेट से बेहतर शायद कुछ नहीं है। सिर्फ तीन चीजों से बनी यह ड्रिंक आपको न केवल तुरंत गर्मजोशी देगी, बल्कि हर घूंट में एक टेस्टी ट्रीट का अहसास भी कराएगी।

एक स्वादिष्ट और गाढ़ी हॉट चॉकलेट बनाने के लिए, सबसे पहले एक बर्तन में दो कप दूध (आप अपनी पसंद का कोई भी दूध ले सकते हैं) मध्यम आंच पर गरम करें। जब दूध थोड़ा गरम हो जाए, तो उसमें 100 ग्राम डार्क चॉकलेट या मिल्क चॉकलेट (जिसे आपने छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लिया हो या कद्दूकस कर लिया हो) और दो चम्मच चीनी (या स्वादानुसार) डालकर लगातार चलाते रहें, जब तक कि चॉकलेट पूरी तरह से पिघल न जाए और मिश्रण चिकना न हो जाए। यदि आप अधिक रिच फ्लेवर चाहते हैं, तो आप इसमें एक चुटकी नमक और आधा चम्मच वेनिला एसेंस मिला सकते हैं। मिश्रण को दो से तीन मिनट तक धीमी आंच पर उबलने दें ताकि वह थोड़ा गाढ़ा हो जाए। जब यह आपकी मनपसंद गाढ़ापन प्राप्त कर ले, तो आंच बंद कर दें, इसे कप में निकालें और ऊपर से व्हीप्ड क्रीम, मार्शमैलो या थोड़ा सा कद्दूकस किया हुआ चॉकलेट डालकर तुरंत गरमागरम परोसें।

## उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 फीसदी तैयार

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम अब लगभग तैयार है। नई तकनीक से सुसज्जित संग्रहालय अतीत की गौरवगाथा को नए और आकर्षक अंदाज में पेश करेगा, जहां इतिहास केवल पढ़ा नहीं जाएगाबल्कि महसूस किया जाएगा। ब्रज क्षेत्र की यह महत्वाकांक्षी परियोजना न सिर्फ पर्यटन को नई राष्ट्रीय पहचान देगी बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक मजबूत माध्यम बनेगी। फिरोजाबाद के सिरसागंज में 24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा उत्तर प्रदेश का पहला आर्य गुरुकुल म्यूजियम तेजी से तैयार हो रहा है, जिसका 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। इसको लेकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान जल्द से जल्द कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। जयवीर सिंह ने बताया कि म्यूजियम में इतिहास को इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के जरिए दिखाया जाएगा ताकि हर उम्र का व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। यहां स्थापना और शुरूआती दौर, संस्थापक और स्थानीय नेताओं का योगदान, आजादी की लड़ाई में भूमिका, सिद्धांत और विचारधारा, योग की अहमियत और आज के समय में इसकी जरूरत जैसे जोन बनाए गए हैं।

# हरभजन सिंह ने पाकिस्तान के आमिर को लताड़ा अभिषेक शर्मा को लप्पेबाज कहने पर भड़के थे

**नई दिल्ली।** हरभजन ने कहा, 'मैं कहता हूं कि अभिषेक पाकिस्तान के खिलाफ वो जलवा दिखाएगा, जो पहले एशिया कप में उसने दिखाया था। हमें उनसे काफी उम्मीदें हैं, अगर वो लंबी पारी खेलते हैं, तो टीम इंडिया काफी विशाल स्कोर बनाएगी।' टी20 विश्वकप 2026 में आज भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होना है। यह मुकाबला शाम सात बजे से कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को लेकर फैंस बेताब हैं। हालांकि, उससे पहले भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को लताड़ लगाई है। हाल ही में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भारत के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को 'स्लॉगर' यानी लप्पेबाज बताया था। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने आमिर को करारा जवाब देते हुए कहा है कि अगर वह लप्पेबाजों की परिभाषा देंगे, तो बहुत से लोगों को चिढ़ मचेगी। हरभजन सिंह का आमिर को जवाब हरभजन सिंह ने 'आईएएनएस' से कहा, 'अभिषेक एक क्वालिटी खिलाड़ी हैं। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपने दम पर मैच जिताने का माद्दा रखते हैं। वह एक बार नहीं, बल्कि बार-बार ऐसा कर सकते हैं। वह एक संपूर्ण बल्लेबाज हैं, जिनके पास वो शॉट्स हैं, जो बहुत सारे बल्लेबाजों के पास नहीं होते।' उन्होंने कहा, 'लप्पेबाज वो होता है, जो सिर्फ बॉल देखकर बैट घुमाता है, चाहे बल्ले से गेंद का संपर्क हो या फिर नहीं हो। अभिषेक ऐसे नहीं हैं। उनकी पहली बॉल ही बल्ले से लगती है, उसके बाद गेंदें उनके बल्ले पर आती ही रहती हैं। उन्हें लप्पेबाज कहना गलत है। अगर मैं लप्पेबाज बल्लेबाजों की परिभाषा दूंगा, तो बहुत से लोगों को चिढ़ मचेगी। शायद वो चाहते हैं कि हम इस पर प्रतिक्रिया दें, लेकिन मुझे ऐसा नहीं करना है।' 'पाकिस्तान के खिलाफ कमाल करेंगे अभिषेक' हरभजन ने कहा, 'मैं कहता हूं कि अभिषेक पाकिस्तान के खिलाफ वो जलवा दिखाएगा, जो पहले एशिया कप में उसने दिखाया था। हमें उनसे काफी उम्मीदें हैं, अगर वो लंबी पारी खेलते हैं, तो टीम इंडिया काफी विशाल स्कोर बनाएगी।' भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने एशिया कप 2025 में हैंडशेक नहीं किया था। इस वर्ल्ड कप में भी दोनों खिलाड़ियों के हाथ मिलाने पर अनिश्चितता है। इस मामले पर भज्जी ने कहा, 'आपस में हाथ मिलाना खिलाड़ियों की इच्छा पर निर्भर करता है। ऐसा किसी किताब में नहीं लिखा है कि मैच के बाद हैंडशेक होना है या फिर गले मिलना है। आप पूरे दम से मैच खेलिए। क्रिकेट को क्रिकेट की तरह से देखना चाहिए।' भारत की प्लेइंग-11 को लेकर बोले भज्जी भारत की प्लेइंग इलेवन को लेकर पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि प्लेइंग इलेवन में संयोजन को लेकर टीम क्या सोच रही है, लेकिन यूएसए ने भारत के सामने अच्छी गेंदबाजी जरूर की थी। इस टीम ने एक समय पर भारतीय टीम को फंसा दिया था, लेकिन ऐसे मुकाबलों में एक न एक खिलाड़ी जरूर निकलकर सामने आता है। उस मैच में सूर्यकुमार चमके थे। ऐसी ही पारी टीम को चाहिए थी, खासतौर पर कप्तान से। नामीबिया के खिलाफ भारतीय टीम ने डॉमिनेट किया' प्रेमदासा की पिच को लेकर हरभजन का बयान पिच को लेकर हरभजन सिंह ने कहा, 'मैं ग्राउंड पर नहीं गया हूं। मुझे नहीं पता कि पिच कैसी है, लेकिन अगर पिच पर थोड़ी बहुत घास है, तो सीमर काम आएंगे। प्रेमदासा में पिच अक्सर बल्लेबाजों के लिए अच्छी रहती है। भारत-पाकिस्तान के मैच में क्यूरेटर भी चाहेंगे कि रन बनें। बैट और बॉल की लड़ाई होनी जरूरी है।









## नॉकआउट मैच में केएल राहुल का धमाका, दामाद के शतक पर जश्न में डूबे सुनील शेट्टी

**लखनऊ।** केएल राहुल ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 सेमीफाइनल में उत्तराखंड के खिलाफ लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शानदार शतक जड़कर फर्स्ट क्लास करियर का 25वां सैकड़ा पूरा किया और कर्नाटक को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी इस पारी के बाद सोशल मीडिया पर जश्न छा गया, जबकि उनके ससुर सुनील शेट्टी भी खुशी से झूमते नजर आए। रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले में केएल राहुल का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 2025-26 सीजन के सेमीफाइनल में उत्तराखंड के खिलाफ शानदार शतक जड़कर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। यह मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जा रहा है। पहले दिन राहुल का दमदार प्रदर्शन राहुल ने कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ पारी की शुरूआत संभलकर की। हालांकि नौवें ओवर में आदित्य रावत ने मयंक (5 रन) को आउट कर कर्नाटक को झटका दिया। इसके बाद राहुल ने मोर्चा संभाला और देवदत्त पडिक्कल के साथ दोहरी शतकीय साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पहले सत्र में संयम से खेलने के बाद दूसरे सत्र में राहुल ने आक्रामक रुख अपनाया और 153 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह इस सीजन के नॉकआउट मुकाबलों में उनका लगातार दूसरा शतक है। फर्स्ट क्लास करियर में 25वां शतक यह राहुल के फर्स्ट क्लास करियर का 25वां शतक है। इससे पहले क्वार्टरफाइनल में मुंबई के खिलाफ उन्होंने 130 रन की पारी खेली थी। 119वें फर्स्ट क्लास मैच में राहुल ने 8,880 से ज्यादा रन बना लिए हैं। उनका औसत 44 से अधिक है, जिसमें 41 अर्धशतक और 25 शतक शामिल हैं। दामाद के शतक पर ससुर के रिएक्शन ने लूटी महफिल राहुल की इस पारी के बाद सोशल मीडिया पर जश्न का माहौल है। उनके ससुर और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी भी दामाद के शतक पर खुशी से झूमते नजर आए, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। राहुल ने टेस्ट क्रिकेट में 67 मैचों में 4,053 रन बनाए हैं, जिसमें 11 शतक और 20 अर्धशतक शामिल हैं। इनमें से 10 शतक बतौर ओपनर आए हैं। भारत के लिए टेस्ट में ओपनर के रूप में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ सुनील गावस्कर (33), वीरेंद्र सहवाग (22) और मुरली विजय (12) ने लगाए हैं।




## भारत की बेटियों से पिटा पाकिस्तान, 93 के स्कोर पर किया ऑलआउट



**बैंकॉक।** 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच दो मुकाबले होने हैं। पहला मुकाबला खत्म हो चुका है। भारतीय महिला टीम के बाद अब बारी भारतीय पुरुष टीम की है। आंकड़े बताते हैं कि पुरुषों में भी पाकिस्तान की टीम पिटाई खा सकती है। 15 फरवरी का दिन फेंस के लिए बेहद खास है, क्योंकि आज टी20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान का महामुकाबला होना है। हालांकि, इस दिन भारत और पाकिस्तान के बीच दो मुकाबले होने थे। पुरुषों के अलावा भारतीय महिला टीम को भी पाकिस्तान का सामना करना था और इस चुनौती में भारत की बेटियां अव्वल साबित हुई हैं। भारत की महिला ए टीम ने राइजिंग स्टार्स महिला एशिया कप में पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी है। पाकिस्तान की महिला-ए टीम को 18.5 ओवर में 93 रन पर समेटने के बाद भारतीय महिला-ए टीम ने 10.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दोपहर 12 बजे शुरू हुआ महिलाओं का मैच दरअसल, पुरुषों के टी20 विश्वकप मैच के साथ-साथ महिलाओं की राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भी भारत का सामना पाकिस्तान से होना था। महिला राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी20 का मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे शुरू हुआ और तीन घंटे में खत्म हो गया। बैंकॉक में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट का यह छठा मैच था। भारत और पाकिस्तान को ग्रुप-ए में रखा गया था। पाकिस्तान की कप्तान हफसा खालिद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की कप्तानी राधा यादव कर रही हैं। पाकिस्तान की पारी पाकिस्तान की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। युसरा आमिर एक रन, ओमैमा सोहेल एक रन, ईमान नसीर चार रन और कप्तान हफसा एक रन बनाकर आउट हुईं। हुरैना सज्जा दो रन, वाहिदा अख्तर सात रन और मोमिना रियासत चार रन बनाकर आउट हुईं। नेहा शर्मिन चार रन बनाकर नाबाद रहीं। सिर्फ तीन खिलाड़ियों ने दहाई का आंकड़ा छुआ। इनमें शवाल जुल्फिकर (23 रन), गुल रुख (21 रन) और अनोशा नासिर (17 रन ) शामिल हैं। भारत की ओर से साइमा ठाकोर, कप्तान राधा यादव और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लिए। इसके अलावा जिनतीमनी कलिता और मिन्नु मणि ने एक-एक विकेट लिया। भारत की पारी जवाब में भारत की महिला-ए टीम ने 10.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही थी और शून्य पर पहला झटका लगा था। हुमैरा काजी खाता खोले बिना आउट हुई थीं। इसके बाद वृंदा दिनेश और अनुष्का शर्मा ने दूसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी निभाई। अनुष्का 26 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद वृंदा ने तेजल हसाबनिस के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। वृंदा 29 गेंद में 12 चौके की मदद से 55 रन बनाकर नाबाद रहीं। वहीं, तेजल ने पांच गेंद में 12 रन की नाबाद पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से वाहिदा अख्तर और मोमिना रियासत को एक-एक विकेट मिला। अब भारतीय पुरुष टीम की बारी भारतीय महिला टीम के बाद अब बारी भारतीय पुरुष टीम की है। आंकड़े बताते हैं कि पुरुषों में भी पाकिस्तान की टीम पिटाई खा सकती है। टी20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच आठ मुकाबले हुए हैं और इसमें से सात बार टीम इंडिया जीती है।। शाम सात बजे से भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्वकप 2026 का मुकाबला खेला जाना है। यह मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में होना है।

# टॉस के दौरान आगा से हाथ नहीं मिलाएंगे सूर्यकुमार

**कोलंबो।** भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के दौरान यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हैं या नहीं। पिछले साल से भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ नो हैंडशेक नीति अपनाई हुई है। भारत और पाकिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप के मुकाबले के लिए तैयार हैं। तमाम ड्रामे के बाद आखिरकार दोनों टीमों के बीच मैच होने जा रहा है। यह मुकाबला रविवार को कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में खेला जाएगा। पिछले साल एशिया कप से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ नो हैंडशेक नीति अपनाई हुई है और यह देखना दिलचस्प होगा कि आज के मैच में भारतीय खिलाड़ी इस नीति को बरकरार रखते या नहीं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय टीम इस मैच में भी नो हैंडशेक नीति पर अमल करेगी और पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाएगी। यहां तक कि टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाएंगे। मालूम हो कि पिछले साल एशिया कप के दौरान तीनों ही मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाए थे। क्यों पाकिस्तान से हाथ नहीं मिला रहे भारतीय खिलाड़ी पिछले साल एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मुकाबले हुए थे और इन सभी मैचों में भारतीय खिलाड़ियों ने नो हैंडशेक नीति का पालन किया था। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी पाकिस्तान कप्तान सलमान अली आगा से अभिवादन नहीं किया था। भारत ने यह रुख पहलगाम हमले के विरोध में जताया था। पहलगाम में पिछले साल आतंकी हमला हुआ था। भारत ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर नाम से सैन्य अभियान चलाया था और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान तिलमिला गया था जिसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव बढ़ गया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार एशिया कप में ही भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच मुकाबला हुआ था जिस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को आईना दिखाया था। सूर्यकुमार ने नहीं खोले थे पत्ते इससे पहले, सूर्यकुमार ने नो हैंडशेक नीति को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले थे। यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान के खिलाफ टीम खिलाड़ियों से हाथ मिलाएगी? इस पर सूर्यकुमार ने कहा था, इसके लिए आपको 24 घंटे का इंतजार करना पड़ेगा। इस मामले पर इतना ध्यान क्यों है? हम क्रिकेट खेलने आए हैं और अच्छा क्रिकेट खेलेंगे। इसे लेकर हम बाद में फैसला लेंगे। आगा ने खेल भावना पर दिया था जोर पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने एक बार फिर खेल भावना पर जोर दिया था। सलमान आगा ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेल भावना के तहत खेला जाना चाहिए और हाथ मिलाने को लेकर फैसला मैच के दिन ही होगा। भारत के खिलाफ होने वाले मैच से पहले सलमान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, क्रिकेट को खेल भावना के साथ खेला जाना चाहिए। मेरी निजी राय शायद मायने न रखती हो, लेकिन क्रिकेट को उसी तरह खेला जाना चाहिए जैसे वह हमेशा से खेला जाता रहा है। आगे क्या करना है, यह तय करना उन्हीं पर निर्भर है।



## वेस्टइंडीज ने नेपाल को नौ विकेट से रौंदा, 28 गेंद रहते हासिल किया 134 रन का लक्ष्य कप्तान होप चमके

**मुंबई।** टी20 विश्वकप 2026 के 25वें मैच में वेस्टइंडीज का मुकाबला नेपाल से जारी है। ग्रुप-सी का यह मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। टी20 विश्वकप 2026 के 25वें मैच में वेस्टइंडीज का मुकाबला नेपाल से हुआ। ग्रुप-सी का यह मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 133 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 15.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान शाई होप ने 61 रन की नाबाद पारी खेली और जेसन होल्डर ने चार विकेट झटके। इसके लिए होल्डर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। नेपाल की पारी दीपेंद्र सिंह ऐरी को छोड़कर नेपाल का कोई बल्लेबाज नहीं चला। आसिफ शेख 10 गेंद में 11 रन, आरिफ शेख दो रन और लोकेश बाम 13 रन बना सके। गुलशन झा ने 11 रन और करण केसी ने एक रन बनाए। दीपेंद्र सिंह ने 47 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 58 रन की पारी खेली। सोमपाल कामी 15 गेंद में चार चौके की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए। वहीं, अकील हुसैन, मैथ्यू फोर्डे, शमार जोसेफ और रोस्टन चेज ने एक-एक विकेट लिया। वेस्टइंडीज की पारी 134 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी रही। 43 रन पर विंडीज को पहला झटका लगा। ब्रैंडन किंग 17 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान शाई होप और शिमरोन हेटमायर ने दूसरे विकेट के लिए 59 गेंद में 91 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। होप 44 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 61 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, हेटमायर ने 32 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 46 रन बनाए। नेपाल की ओर से नंदन यादव ने एक विकेट लिया।



## भारत के खिलाफ पहले टी20 में 133 पर सिमटी ऑस्ट्रेलियाई टीम अरुंधति रेड्डी ने चार विकेट झटके

**सिडनी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला आज सिडनी में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला आज सिडनी में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 10 विकेट खोकर 133 रन बनाए। उनके लिए जॉर्जिया वेयरहम ने 30 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत के लिए अरुंधति रेड्डी ने चार विकेट लिए जबकि रेणुका सिंह और श्री चरणी को दो-दो सफलताएं मिलीं। इसके अलावा क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट अपने नाम किए।




## श्रीलंका के लिए क्यों महत्वपूर्ण है भारत और पाकिस्तान का मुकाबला किस तरह बना पैसे कमाने का जरिया

**कोलंबो।** भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में टी20 विश्व कप का मुकाबला होने से स्थानीय लोगों को भी फायदा हो रहा है। कैब ड्राइवर और पब मालिकों को इस मैच के होने से अधिक मुनाफा होने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान के बीच आज टी20 विश्व कप का महामुकाबला होने जा रहा है। इस मुकाबले की मेजबानी कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम कर रहा है। ये मैच वैसे तो दोनों टीमों के लिए काफी अहम है, लेकिन इसके जरिये श्रीलंका को भी वित्तीय फायदा हो रहा है। भारत और पाकिस्तान का मैच श्रीलंका के पर्टयन और अर्थव्यवस्था के लिए काफी महत्वपूर्ण है। मैच से कैब ड्राइवर को हो रहा मुनाफा कोलंबो के निवासी रेहान फर्नांडो ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से बताया कि वह उत्साहित हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच को लेकर नहीं जिसने लाखों प्रशंसकों को स्टेडियम, अपने घर, पब और सोशल मीडिया पर व्यस्त रखा है। फर्नांडो कैब ड्राइवर हैं। उन्होंने कहा, रविवार को मुझे स्टेडियम छोड़ने और लेने के लिए के बहुत सारे अनुरोध मिलने वाले हैं। इसके लिए गाड़ी को ईंधन से भरा रखना होगा और भीड़भाड़ वाले समय के लिए तैयार रहना होगा। फर्नांडो को पता है कि अकेले रविवार का दिन ही उनकी जेब काफी भर सकता है। श्रीलंका के कई लोगों के लिए भारत बनाम पाकिस्तान का मैच पैसा कमाने का एक जरिया है। फर्नांडो भी अकेले नहीं हैं। श्रीलंका के कई वर्गों को भारत और पाकिस्तान के मैच से आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। इस मैच के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक यहां पहुंचे हैं जिससे श्रीलंका के लोग भी काफी उत्साहित हैं। कोलंबो के पब में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद कोलंबो की एक सड़क पर कई पब है।



## क्या पाकिस्तान के खिलाफ आज खेलेंगे अभिषेक शर्मा? पिता को उम्मीद- शानदार प्रदर्शन करेगा बेटा

**कोलंबो।** अभिषेक को सोमवार को पेट में इन्फेक्शन के कारण नई दिल्ली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जिसके चलते 25 वर्षीय खिलाड़ी नामीबिया के विरुद्ध अरुण जेटली स्टेडियम में नहीं खेल सका था, लेकिन अब कप्तान ने उनके पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उतरने पर मुहर लगा दी है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मैच खेलेंगे। अभिषेक के पिता ने भारत-पाक मैच में बेटे की मौजूदगी पर खुशी जताते हुए टीम इंडिया को शुभकामनाएं दी हैं। पिता को उम्मीद है कि बेटा इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करेगा। अभिषेक को सोमवार को पेट में इन्फेक्शन के कारण नई दिल्ली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जिसके चलते 25 वर्षीय खिलाड़ी नामीबिया के विरुद्ध अरुण जेटली स्टेडियम में नहीं खेल सका था, लेकिन अब कप्तान ने उनके पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उतरने पर मुहर लगा दी है। राजकुमार शर्मा ने 'आईएएनएस' से कहा, 'यह बहुत शानदार मैच होने वाला है। हम भारतीय टीम को अपनी शुभकामनाएं भेजते हैं। हमें उम्मीद है कि वे अच्छा खेलेंगे और दमदार परफॉर्म करेंगे। ये बहुत अच्छी टीम है। बेशक, हम चाहते हैं कि भारत जीते। चूंकि वर्ल्ड कप भारत में हो रहा है, इसलिए लोग जश्न मना रहे हैं, और फैंस में बहुत खुशी है।' उन्होंने कहा, 'हर कोई टीम को बधाई दे रहा है। टीम इंडिया बहुत अच्छा खेल रही है। मुझे बस उम्मीद है कि वे अच्छा परफॉर्म करते रहेंगे। मुझे खासकर उम्मीद है कि अभिषेक अच्छा खेलेंगे। हमारी दुआएं हमेशा उनके साथ हैं। वह इंडिया के लिए ऐसे ही खेलते रहें और देश को जिताने में मदद करें। यही हमारी दिल से दुआएं हैं।' भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक टी20 वर्ल्ड कप में कुल आठ मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत ने सात जीते, जबकि पाकिस्तान सिर्फ एक ही मुकाबला अपने नाम कर सका है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में भारत (+3.050) शुरूआती दोनों मैच जीतकर टॉप पर है, जबकि पाकिस्तान (+0.932) ने भी शुरूआती दो मुकाबले अपने नाम किए हैं, लेकिन नेट रन रेट में कमी के चलते वह दूसरे स्थान पर मौजूद है।



## एटीएम बदलकर ठगी करने वाले 2 गिरफ्तार, 181 एटीएम कार्ड बरामद

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले गैंग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में घूमकर घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के पास से 181 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। अब तक 30 लाख से ज्यादा की ठगी कर चुके हैं। पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है। एडीसीपी नार्थ रिषभ रुढ़वाल ने बताया- पुलिस ने लंबे समय से एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने की शिकायत मिल रही थी। मामले के खुलासे के लिए टीम लगाई गई। शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली जीएसआई ई-पॉवर हाउस चौराहा के पास स्थित एसबीआई एटीएम के पास दो संदिग्ध बिना नंबर प्लेट की बाइक से खड़े हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मधई का पुरवा सदर कोतवारी प्रतापगढ़ के रहने वाले शहबान (28) और लीलीपुर प्रतापगढ़ निवासी दिलशाद (26) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से अलग-अलग बैंक के 181 एटीएम कार्ड, चार फर्जी आधार कार्ड, एक मोबाइल, ठगी के रुपए से खरीदी गई बाइक मिली है।



## सारा अर्जुन ने अपने फैंस को दी 'महाशिवरात्रि' की बधाई, शेयर की अहम सूचना; सतर्क रहने की दी हिदायत

'धुरंधर' अभिनेत्री सारा अर्जुन ने आज अपने सभी फैंस को महाशिवरात्री की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर एक खास सूचना भी जारी की है।

फिल्म 'धुरंधर' में सारा अर्जुन के अभिनय को खूब सराहा गया। वहीं उनके फैंस अब फिल्म 'धुरंधर 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के बारे में एक अहम सूचना जारी करते हुए सभी को सतर्क रहने की हिदायत दी है। जानिए क्या?

**सारा ने फैंस को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं**


'धुरंधर' अभिनेत्री सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं देते हुए लिखा, 'आप सभी को गुड मॉर्निंग और सभी को महाशुवरात्रि की शुभकामनाएं।' इस पोस्ट के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर भी अहम सूचना जारी की है।

**सारा ने दी अहम सूचना**

सारा अर्जुन ने आज इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक खास सूचना दी है। सारा ने बताया है कि वह ट्विटर पर नहीं हैं। सारा ने लिखा, 'मैं बस कुछ जरूरी बातें शेयर करना चाहती हूं। मैं ट्विटर पर नहीं हूं।' सारा ने आगे यह भी बताया कि ट्विटर प्लेटफॉर्म पर उनका कोई ऑफिशियल अकाउंट नहीं है। इसके साथ ही सारा ने न्यूज चैनल्स को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। सारा ने लिखा, '(न्यूज चैनल) अगर आपको मेरे नाम से किसी हैंडल से कोई ट्वीट या बयान दिखे, तो प्लीज जान लें कि वह मैं नहीं हूं और वह किसी भी तरह से मुझसे जुड़ा नहीं है।' आगे सारा ने लिखा की उन्हें समझने के लिए धन्यवाद।

'धुरंधर 2' आदित्य धर द्वारा निर्देशित एक स्पाई-थ्रिलर फिल्म है। यह 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का सीक्वल है। इसमें रणवीर सिंह और सारा अर्जुन के अलावा कई कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसी दिन कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म 'टॉक्सिक' भी रिलीज होगी।

## सबा पटौदी ने रणधीर कपूर को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं, शेयर की बबीता के साथ खूबसूरत तस्वीर



सैफ अली खान की बहन सबा पटौदी ने आज रणधीर कपूर को उनके 79वें जन्मदिन पर खास बधाई दी है। सबा ने सोशल मीडिया हैंडल पर रणधीर की शादी के खास दिन की एक पुरानी तस्वीर शेयर की है, जो उनके लिए भी बेहद खास है।

सबा पटौदी ने रणधीर कपूर और बबीता की शादी की एक ब्लैक एंड व्हाइट पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस तस्वीर के जरिए सबा ने रणधीर कपूर को उनके 79वें जन्मदिन की बधाई दी है। इस पुरानी तस्वीर में कपूर परिवार के अलावा सबा के माता-पिता भी नजर आ रहे हैं।

**सबा का पोस्ट**

सबा ने आज इंस्टाग्राम स्टोरी पर अभिनेता रणधीर कपूर के जन्मदिन पर एक खास ब्लैक एंड व्हाइट पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ सबा ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो रणधीर अंकल।' आगे सबा ने लिखा, 'अब्बा यह यादगार पल।' इस तस्वीर में रणधीर कपूर और बबीता के अलावा सबा के पिता मंसूर अली खान पटौदी और मां शर्मिता भी नजर आ रही हैं।

**कौन हैं रणधीर कपूर?**

रणधीर कपूर का जन्म 15 फरवरी 1947 को हुआ था। वह हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता, निर्देशक और फिल्म निमार्ता हैं। वह मशहूर अभिनेता-फिल्म निमार्ता राज कपूर के बड़े बेटे और पृथ्वीराज कपूर के पोते हैं। उन्होंने 1971 की फिल्म 'कल आज और कल' से अभिनय और निर्देशन की शुरूआत की और 70-80 के दशक में 'जवानी दीवानी', 'रामपुर का लक्ष्मण' जैसी कई हिट फिल्में दीं। रणधीर ने 1971 से अभिनेत्री बबीता से शादी की है। उनकी दो बेटियां हैं- करिश्मा कपूर और करीना कपूर।

## शिव भक्ति में लीन हुए सितारे, अजय देवगन से लेकर रवीना टंडन ने दी शुभकामनाएं सद्गुरु आश्रम पहुंचीं सारा अर्जुन



महाशिव रात्रि को बॉलीवुड सेलेब्स भी अलग-अलग ढंग से मना रहे हैं। कुछ मंदिर जा रहे हैं, कुछ महाशिवरात्रि कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। जानिए, सेलेब्स कैसे कर रहे हैं, महादेव की भक्ति?

आज महाशिव रात्रि का पर्व देश भर में उल्लास-उमंग से मनाया जा रहा है। आम ही नहीं बॉलीवुड सितारे भी शिव भक्ति में लीन हैं। कई सेलेब्स प्रसिद्ध शिव मंदिर जा रहे हैं। कुछ सितारे आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव यानी सद्गुरु के आश्रम भी महाशिव रात्रि मनाने पहुंचे हैं। इसके अलावा कई सेलेब्स फैंस को शिवरात्रि की शुभकामनाएं भी दे रहे हैं।

**सारा अर्जुन सद्गुरु आश्रम में महाशिवरात्रि मनाने पहुंचीं**

फिल्म 'धुरंधर' फेम एक्ट्रेस सारा अर्जुन शिव की भक्ति में मगन नजर आईं। वह महाशिवरात्रि मनाने के लिए सद्गुरु आश्रम पहुंची हैं। सभी को उन्होंने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी हैं।

**अजय देवगन, अक्षय कुमार के अलावा अनिल कपूर और अनुपम ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं**

अजय देवगन बहुत बड़े शिव भक्त हैं। उन्होंने भगवान शिव का टैटू भी अपने शरीर पर बनवाया है। अजय ने महाशिवरात्रि पर इंस्टाग्राम पर शिव स्तुति करते हुए पोस्ट साझा की है। अजय के अलावा अनिल कपूर, अक्षय कुमार और अनुपम खेर ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं फैंस को दी हैं।

**निमरत कौर ने साझा की ओंकारेश्वर महादेव की तस्वीर**

निमरत कौर ने इंस्टाग्राम पोस्ट करते हुए महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं फैंस को दी हैं। उन्होंने ओंकारेश्वर महादेव दर्शन की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। साथ ही लिखा है, 'ऊं नमः पार्वती पतये हर हर महादेव।'

**गायक स्वरूप खान भी सद्गुरु आश्रम में संगीत प्रस्तुति देने पहुंचे**

चर्चित लोकगायक स्वरूप खान भी सद्गुरु आश्रम में महाशिवरात्रि के उत्सव में शामिल होने पहुंचे हैं। वह यहां पर संगीत प्रस्तुति देंगे, शिव के भक्ति गीत गाएंगे।

## दो दीवाने सहर में की रिलीज के बीच मृणाल ठाकुर ने सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ शेयर की तस्वीरें, लिखा- 'दीवानी'

मृणाल ठाकुर ने आज अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' से जुड़ी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए हैं। लेकिन इस पोस्ट में उनके लिखे कैप्शन ने सभी फैंस को हैरान कर दिया है।

सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर अभिनीत फिल्म 'दो दीवाने सहर में' 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की रिलीज से पहले मृणाल ने आज अपनी और




सिद्धांत चतुर्वेदी की कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन फैंस को उनके कैप्शन को पढ़कर काफी हैरानी हो रही है।

**मृणाल ने शेयर की तस्वीरें**

मृणाल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी कई शानदार और प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। कुछ तस्वीरों में मृणाल अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तो कुछ वीडियो में वह सिद्धांत के साथ डांस करती बेहद खुश लग रही हैं।

**मृणाल का नोट**

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म की रिलीज से पहले मृणाल ने इस शानदार तस्वीरों और वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'दीवानी'। मुणाल के इस नोट ने उनके फैंस को जरूर हैरान कर दिया है।

**फैंस के कमेंट्स**

पहली तस्वीर में मृणाल सेल्फी खिंचतीं नजर आ रही हैं और दूसरी तस्वीर लाल गुलाब की है। मृणाल ठाकुर ने अपनी इस पोस्ट में कई तस्वीरों और वीडियो के साथ कैप्शन में 'दीवानी' लिखा है। जिसे लेकर उनके फैंस काफी हैरान हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे ज्यादा खूबसूरत दीवानी', दूसरे फैन ने लिखा, 'कितनी खूबसूरत तस्वीरें हैं, फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है', एक फैन ने लिखा, 'किसकी दीवानी?'

**'दो दीवाने शहर में' में नजर आएंगी मृणाल**

'दो दीवाने शहर में' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। 'दो दीवाने शहर में' 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी। रवि उदयावर द्वारा निर्देशित और संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित, इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मुंबई की पृष्ठभूमि में दो अलग-अलग व्यक्तित्व वाले लोगों की कहानी है, जो एक-दूसरे को समझने और प्यार खोजने की कोशिश करते हैं।

## नए लुक में नजर आए राजकुमार राव, वीडियो हुआ वायरल यूजर्स ने जताई हैरानी

सोशल मीडिया पर राजकुमार राव के नए लुक की काफी चर्चा है। उनके लुक को लेकर युजर्स ने कमेंट किए हैं।

हाल ही में राजकुमार राव ने मुंबई में मुकेश छाबड़ा की तरफ से आयोजित 'बोलती खिड़कियां' फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की। इवेंट के कई वीडियो और तस्वीरें वायरल हैं। तस्वीरों और वीडियो में देखा जा सकता है कि राजकुमार राव अलग तरह की



हेयर स्टाइल और लुक में नजर आए। उनके इस लुक की काफी चर्चा हो रही है।

**राजकुमार राव का वीडियो वायरल**

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि राजकुमार राव ने अपना लुक काफी सिंपल रखा है। उन्होंने काले रंगे के कपड़े पहने हैं। जींस के साथ सादी शर्ट पहनी है। सफेद जूतों के साथ उन्होंने चश्मा भी पहना है। पहले वह क्लीन शेव में नजर आते थे। इसके उलट आज वह दाढ़ी और मुछों में नजर आए।

**फराह के साथ दिया पोज**

राजकुमार राव के बाल पहले से अलग और पतले नजर आए। बदले हुए लुक में राजकुमार राव शांत और खुश दिखे। उन्होंने कैमरे में देखकर स्माइल दी। उन्होंने कैमरामैन को ग्रीट किया। राजकुमार राव ने फराह खान के साथ पोज दिया।

**यूजर्स ने जताई हैरानी**

राजकुमार राव के इस लुक पर कई यूजर्स ने हैरानी जताई है। एक यूजर ने लिखा है 'ओह बाल कहां चले गए राजकुमार राव के।' एक और यूजर ने लिखा है 'फराह के साथ मालिक।'

**राजकुमार राव का वर्कफ्रंट**

ख्याल रहे कि राजकुमार राव जल्द ही क्रिकेटर सौरव गांगुली पर बन रही बायोपिक में नजर आने वाले हैं। इसकी शूटिंग मार्च 2026 के आसपास शुरू होने की उम्मीद है। राजकुमार का बदला हुआ लुक इस फिल्म के लिए हो सकता है।

## फिल्मों को लेकर फैंस ने क्यों मारा ताना? जाहिर की नाराजगी; रणबीर कपूर ने कहा- यह मेरा बैड लक है



हाल ही में रणबीर कपूर ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के कई सवालों का जवाब दिया। इस दौरान फैंस ने अभिनेता को ट्रोल किया? इसकी वजह उनकी आने वाली फिल्में रहीं? फैंस को रणबीर कपूर ने भी अपने तरफ से जवाब देने की कोशिश की।

रणबीर कपूर की दो साल से कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई। वह साल 2023 में फिल्म एनिलम में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके अभिनय, एक्शन को दर्शकों ने पसंद किया। इस साल उनकी फिल्म रामायण का पहला पार्ट दिवाली पर रिलीज होगा। लेकिन फैंस रणबीर कपूर से काफी निराश हैं। यह नाराजगी ट्रोलिंग के तौर पर भी अभिनेता के सामने आई। जानिए, इस पर रणबीर कपूर ने क्या जवाब दिया।

**फैन ने कसा फिल्में रिलीज ना होने पर तंज**

हाल ही में अपने लाइफस्टाइल ब्रैंड के प्रमोशन के लिए रणबीर कपूर ने इंस्टाग्राम पर लाइव सेशन किया। इसमें फैंस की कई बातों के जवाब दिए। एक फैन ने लाइव सेशन में कमेंट किया, एक सुपरस्टार था जिसको फिल्में मिलती लेकिन वह 3 या 4 साल के लिए गायब हो जाता था। दरअसल, रणबीर कपूर के फैंस इस बात से नाराज हैं कि उनकी फिल्में दो साल से रिलीज नहीं हो रही हैं।

**रणबीर कपूर ने फैंस को क्या दिया जवाब?**

फैन के सवाल के जवाब में रणबीर कपूर ने कहा, यार, यह मेरा ही बैड लक है। जब भी मैं कोई फिल्म शुरू करता हूं तो अक्सर लोग 4 या 6 महीने में फिल्म खत्म कर लेते हैं। लेकिन मेरी फिल्मों में बहुत टाइम लगता है। लेकिन मुझे उम्मीद है कि जब यह रिलीज होंगी, तो आप वह सारा टाइम भूल जाएंगे जो इसमें लगा है। मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि मैं पिछले 2-3 साल से सच में बहुत मेहनत कर रहा हूं। मुझे लगता है कि अच्छी चीजों में टाइम लगता है।

**रणबीर कपूर इन फिल्मों में भी आएंगे नजर**

इस साल रणबीर कपूर की फिल्म रामायण रिलीज होगी। इसके पहला पार्ट दिवाली पर आएगा। वहीं दूसरा पार्ट अगले साल दिवाली पर रिलीज होगा। इसके अलावा वह संजय लीला भंसाली की एक फिल्म लव एंड वॉर भी कर रहे हैं। इसमें आलिया भट्ट भी साथ नजर आएंगी। विक्की कौशल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## शादी की सालगिरह पर गुरमीत चौधरी ने देबिना के साथ शेयर की रोमांटिक तस्वीरें, पत्नी को बताया अपनी शक्ति



टीवी के प्रसिद्ध कपल गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी की आज 15 फरवरी को शादी की सालगिरह है। इस अवसर पर दोनों ने केक काटकर रोमांटिक पलों को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी की आज शादी की सालगिरह है। इस खास दिन पर गुरमीत ने सोशल मीडिया पर कुछ खूबसूरत फोटो शेयर किए। फोटो में दोनों कई रोमांटिक पोज में नजर आए। देबिना डेनिम शॉर्ट ड्रेस में ग्लैमरस दिखीं तो वहीं गुरमीत भी स्टाइलिश नजर आए।

**गुरमीत का पोस्ट**

गुरमीत चौधरी ने आज इंस्टाग्राम हैंडल पर पत्नी देबिना के साथ कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। गुरमीत ने ये तस्वीरें खासतौर पर अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर शेयर की हैं। एक तस्वीर में दोनों एक-दूसरे के साथ केक काटते नजर आए। तो वहीं कई तस्वीरों में केक के साथ पोज देते नजर आए।

**गुरमीत का नोट**

गुरमीत ने देबिना के लिए बहुत प्यारा मैसेज लिखा। उन्होंने लिखा देबिना आज भी उनकी ताकत, शक्ति और सहारा बताया। उन्होंने अपने रिश्ते को डिवाइन ब्लेसिंग (ईश्वरीय आशीर्वाद) बताया। साथ ही महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं भी दीं। फैंस ने भी इस पोस्ट पर ढेर सारे प्यार भरे कमेंट किए। एक ने लिखा 'एक-दूजे के लिए', दूसरे ने लिखा, 'हैप्पी एनिवर्सरी मेरे फेवरेट कपल को', एक और फैन ने लिखा, 'हैप्पी एनिवर्सरी क्यूटी'

## अयोध्या का रेलवे स्टेशन भाजपा के भ्रष्ट मॉडल का उदाहरणः अखिलेश

लखनऊ (संवाददाता)। कन्नौज में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन को गोरखपुर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित करने की सरकार की योजना को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा केह्यभ्रष्ट मॉडलश्का उदाहरण है। रविवार को अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े। उन्होंने यह भी कहा कि लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं तो वे सही तरीके से काम भी करें। सपा अध्यक्ष ने कमीशनखोरी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए, क्योंकि कई बार ट्रेनों में लंबी देरी होती है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और शौचालयों की स्थिति सुधारने की भी मांग की। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अयोध्या रेलवे स्टेशन परिसर में एक दीवार गिरने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे।

# तारिक रहमान 17 फरवरी को लेंगे ढट पद की शपथ सामने आई कैबिनेट के संभावित नामों की सूची


**ढाका।** बांग्लादेश में मंगलवार को तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की नई सरकार शपथ लेगी। कैबिनेट में 32 से 42 सदस्य हो सकते हैं, जिसमें अनुभवी और युवा नेताओं को जगह मिलने की उम्मीद है। वित्त, विदेश और गृह जैसे अहम मंत्रालयों के लिए संभावित नामों पर चचाएं तेज हो गई हैं। बांग्लादेश में 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव के नतीजे आने के बाद अब नई सरकार के गठन की तैयारी अंतिम दौर में है। मंगलवार, 17 फरवरी को नई कैबिनेट शपथ लेगी। चुनाव में भारी बहुमत हासिल करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने सरकार बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सरकार ने चुने हुए सांसदों की सूची वाला आधिकारिक गजट भी जारी कर दिया है। संविधान के अनुच्छेद 148 के अनुसार, चुनाव परिणाम घोषित होने के तीन दिनों के भीतर शपथ लेना जरूरी है। चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने बताया कि मंगलवार को ही सांसद और कैबिनेट सदस्य शपथ लेंगे। पार्टी सूत्रों के



अनुसार, तारिक रहमान प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। उनकी कैबिनेट बहुत बड़ी नहीं होगी और इसमें 32 से 42 सदस्य शामिल हो सकते हैं। तारिक रहमान ने अनुभवी और युवा नेताओं को साथ लेकर चलने की योजना बनाई है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान ने कैबिनेट बनाने के बारे में सीनियर नेताओं से सलाह-मशविरा शुरू कर दिया है। बीएनपी स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि कैबिनेट का आखिरी रूप देखने के लिए देश को थोड़ा और इंतजार करना होगा। किसको मिलेगी क्या जिम्मेदारी? मंत्रालयों की जिम्मेदारी को लेकर कई नामों की चर्चा है। हुमायूं कबीर को विदेश मंत्रालय और डॉ. रेजा किबरिया को वित्त मंत्रालय मिल सकता है। डॉ. किबरिया पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में वरिष्ठ अर्थशास्त्री रह चुके हैं। अमीर खसरू महमूद चौधरी को वाणिज्य मंत्रालय और बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को स्थानीय सरकार मंत्रालय की जिम्मेदारी दी जा सकती है। कानून मंत्रालय के लिए मोहम्मद असदुज्जमां और गृह मंत्रालय के लिए सलाहुद्दीन अहमद का नाम आगे है। मिर्जा अब्बास को सड़क परिवहन और ब्रिज मंत्रालय मिल सकता है। स्वास्थ्य विभाग डॉ. एजेडएम जाहिद हुसैन और सूचना मंत्रालय रूहुल कबीर रिजवी को मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा नजरुल इस्लाम खान, डॉ. अब्दुल मोईन खान, गायेश्वर चंद्र रॉय, मेजर (रिटायर्ड) हाफिज उद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद तुकू, सलीमा रहमान, अंदलीव रहमान पार्थो, मिजानुर रहमान मीनू और शमा ओबैद जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी अहम भूमिका मिल सकती है। खबर है कि नई सरकार बनने के बाद राष्ट्रपति भी बदला जा सकता है। इस पद के लिए डॉ. खंडाकर मोशर्रफ हुसैन के नाम पर विचार हो रहा है। इन नामों पर भी हो रहा विचार कैबिनेट के लिए कई और नामों पर भी विचार हो रहा है। इनमें जोनायद साकी, इशराक हुसैन, अब्दुल अवल मिंटू, अंदलीव रहमान पार्थो, निताई रॉय चौधरी, काजी शाह मोफज्जल हुसैन कैकोबाद, शाहिद उद्दीन चौधरी अनी, अनिंद्य इस्लाम अमित, खंडाकर अब्दुल मुक्तदिर, अरिफुल हक चौधरी, उस्मान फारूक, बॉबी हज्जाज, हम्माम कादर चौधरी, नायाब यूसुफ, जहीर उद्दीन स्वपन, बैरिस्टर फरजाना शर्मीन पुतुल, नूरुल हक नूर, नौशाद जमीर, मीर हेलाल, असदुल हबीब दुलु, अली असगर लॉबी, रूहुल कुद्दुस तालुकदार दुलु और एमडी शरीफुल आलम शामिल हैं। तारिक रहमान ने कैबिनेट गठन के लिए वरिष्ठ नेताओं से सलाह शुरू कर दी है।

# पाकिस्तान की इंटरनेशनल फजीहत, जर्मनी में आसिम मुनीर से मांगा पहचान पत्र


**म्यूनिख।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पाकिस्तान के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) आसिम मुनीर को



एक कार्यक्रम में दाखिल होने से पहला रोका और उनसे उनका पहचान पत्र दिखाने के लिए कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच करके इतराने वाले पाकिस्तान आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की इंटरनेशनल फजीहत हुई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आसिम मुनीर जर्मनी गए हैं, जहां उनको एक कार्यक्रम से पहले रुकावट का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं वहां मौजूद सुरक्षा अधिकारियों ने उनसे उनका पहचान पत्र भी दिखाने के लिए कहा। दरअसल, आसिम मुनीर और उनकी टीम म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गई। जिससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें एक सुरक्षा अधिकारी ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से अपना पहचान पत्र दिखाने के लिए कहा। यह वाक्या सम्मेलन के प्रवेश द्वार से कुछ ही कदम पहले हुई। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे आसिम मुनीर जब सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होन के लिए दाखिल हो रहे हैं तो उनको आईडी कार्ड दिखाने के लिए कहा गया। साथ ही अपना पहचान पत्र सामने की तरफ सीधा रखने की भी नसीहत दी। मुनीर के शामिल होने पर कड़ी आपत्ति इधर, जर्मनी स्थित सिंधी राजनीतिक संगठन जय सिंध मुत्ताहिदा महाज (खरटट) ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में फील्ड मार्शल मुनीर की भागीदारी पर कड़ी आपत्ति जताई है। संगठन ने निमंत्रण को 'बेहद खेदजनक' बताते हुए अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया है। इसी के साथ जेएसएमएम के सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन को उजागर किया। संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, जर्मन सरकार और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार निकायों को संबोधित एक औपचारिक बयान में जेएसएमएम के अध्यक्ष शफी बुरफत ने उच्च स्तरीय वैश्विक मंच पर फील्ड मार्शल मुनीर की उपस्थिति पर गहरा सदमा और अफसोस जताया। बता दें कि म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन, जिसे संवाद और संघर्ष समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के तौर पर व्यापक रूप से माना जाता है। यह हर साल विश्न के नेताओं, राजनयिकों और सुरक्षा विशेषज्ञों को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक साथ लाता है।

# वास्तविक शांति लाने के लिए यूक्रेन समझौते को तैयार जेलेंस्की ने बताया- कहां गलती कर रहा यूरोप

**म्यूनिख।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने संकेत दिए हैं कि वे रूस के साथ स्थायी समाधान के पक्ष में हैं। हालांकि उन्होंने संघर्ष को सम्मानजनक तरीके से समाप्त करने पर जोर दिया। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यूक्रेन के राष्ट्रपति क्या-क्या बोले.. जानिए। यूक्रेन शांति समझौते के लिए तैयार हो गया है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख में कहा कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है, जो वास्तविक शांति लाएगा। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, 'यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लिए, यूक्रेन के लिए और यूरोप के लिए वास्तविक शांति लाएगा।' उन्होंने कहा कि इस संकट को सम्मानजनक तरीके से समाप्त किया जा सकता है और यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। जेलेंस्की ने यूरोप को चेताया जेलेंस्की का



कहना है कि यूरोप व्यावहारिक रूप से बातचीत की मेज पर मौजूद नहीं है, जो एक बड़ी गलती है। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन बातचीत की प्रक्रिया में यूरोप को पूरी तरह से शामिल करने की कोशिश कर रहा है, ताकि यूरोप के हितों और उसकी आवाज का ध्यान रखा जा सके। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन इन वाताओं को सफल बनाने के लिए सब कुछ करेगा और वह अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ लगातार संपर्क में है। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि रूस अमेरिकी नेताओं के साथ बनी सहमति के आधार पर यूक्रेन संकट का बातचीत से हल निकालने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'रूस पिछले साल अगस्त में अलास्का के एंकोरेज शहर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के नतीजों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मॉस्को को उम्मीद है कि ईमानदार और सीधी वार्ता के लिए तैयार साझेदारों के साथ आपसी सहमति वाले समझौते में उसके हितों का पूरी तरह से ध्यान रखा जाएगा।' रूस ने कहा- दोहरे मानकों का विरोध करेंगे लावरोव ने कहा कि रूस अंतरराष्ट्रीय मामलों में सच्चाई और न्याय को बनाए रखेगा व संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों पर आधारित एक बहुपक्षीय दुनिया को बढ़ावा देगा। उन्होंने यह भी कहा कि मॉस्को दोहरे मानकों, छिपे हुए एजेंडे, थोपे गए सेटलमेंट फॉमूलें और साथ ही नव-उपनिवेशवाद और आधिपत्यवाद के तरीकों का विरोध करेगा।

# रुबियो ने जेलेंस्की से की मुलाकात, कहा- रूस-यूक्रेन युद्ध का स्थायी अंत चाहते हैं ट्रंप

**म्यूनिख।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने म्यूनिख में अहम बयान दिया है उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करना चाहते हैं।



इस दौरान उन्होंने जेलेंस्की के साथ बैठक में सुरक्षा और ऊर्जा संकट पर चर्चा की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच अहम मुलाकात हुई। इस बैठक के बाद रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप एक ऐसा समाधान तलाश रहे हैं जिससे क्षेत्र में हो रहा युद्ध पूरी तरह रुक जाए। जेलेंस्की ने रुबियो को दी मौजूदा हालात की जानकारी इस मुलाकत के दौरान राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रुबियो को युद्ध के मैदान के ताजा हालात की जानकारी दी। उन्होंने रुबियो के साथ यूक्रेन के बिजली और ऊर्जा सिस्टम पर रूसी हमलों के असर पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने यह भी चर्चा की कि कड़ाके की ठंड के दौरान यूक्रेन के नागरिकों की जान कैसे बचाई जाए और देश की मजबूती को कैसे बढ़ाया जाए। मुलाकत के दौरान दोनों नेताओं ने सुरक्षा गारंटी और आर्थिक सुधारों के मुद्दों पर भी बात की। जेलेंस्की ने जताया आभार यह मुलाकात जिनेवा में होने वाली एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक से ठीक पहले हुई है। 17 और 18 फरवरी को जिनेवा में यूक्रेन, रूस और अमेरिका के प्रतिनिधि की आपस में बातचीत होने की उम्मीद है। जेलेंस्की को उम्मीद है कि यह शांति वार्ता सफल और फायदेमंद रहेगी। उन्होंने अमेरिका के सकारात्मक रवैये के लिए आभार व्यक्त किया। इससे पहले जेलेंस्की ने राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूतों स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर से भी जिनेवा बैठक को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनकी टीम अगले हफ्ते यूक्रेन का पक्ष मजबूती से रखेगी। गौरतलब है कि इससे पहले जनवरी में अबू धाबी में भी इन तीनों देशों के बीच बातचीत का एक दौर हो चुका है। जिनेवा में होगी अगली बैठक जिनेवा में होने वाली इस अगली बैठक में रूसी दल का नेतृत्व राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की करेंगे। जेलेंस्की ने अमेरिका और वहां के लोगों से मिल रहे बड़े सहयोग के लिए शुक्रिया अदा किया। उनका मानना है कि शांति के लिए कूटनीतिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाना बहुत जरूरी है।

# नए सिरे से रिश्ते हो शुरू तारिक रहमान के सलाहकार बोले- बदली हुई वास्तविकता को स्वीकार करे भारत

**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव के नतीजों के बीएनपी सरकार बना रही है। इसी के साथ प्रधानमंत्री का पद तारिक रहमान संभालेंगे। इससे पहले उनके सलाहकार ने भारत के साथ रिश्तों पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ संबंधों में नए सिरे से शुरूआत चाहता है। बांग्लादेश को लगभग डेढ़ साल बाद स्थायी सरकार मिलने जा रही है। 12 फरवरी को हुए आम चुनाव के नतीजे बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के भारी बहुमत के साथ पक्ष में आए। ऐसे में अब 17 फरवरी को तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले तारिक रहमान के सलाहकार का भारत के साथ संबंधों पर बड़ा बयान सामने आया है। 'बदली वास्तविकता को



स्वीकार करे भारत' न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा है कि बांग्लादेश भारत के साथ नए सिरे से संबंधों की शुरूआत करना चाहता है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश की बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना भारत की जिम्मेदारी है। आपसी लाभ के लिए सहयोग की अपील अपने बयान में उन्होंने काह कि बांग्लादेश, भारत के साथ नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है, क्योंकि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी अब सत्ता में नहीं हैं। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार ने जोर देते हुए यह भी कहा कि दोनों देशों को 'पारस्परिक लाभ' के लिए मिलकर काम करना चाहिए। बता दें कि तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी ने शुक्रवार (13 फरवरी) को जारी हुए चुनाव परिणाम में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो-तिहाई से अधिक सीटों पर विजय हासिल की है। शनिवार (14 फरवरी) को दिए एक साक्षात्कार में कबीर ने इस बात पर जोर दिया कि बीएनपी की शानदार चुनावी जीत के बाद बांग्लादेश में बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को पहचानने की जिम्मेदारी भारत पर है। शेख हसीना को बताया आतंकी हुमायूं कबीर ने कहा, 'यह बदलाव भारत की मानसिकता में आना चाहिए। शेख हसीना और अवामी लीग आज के बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं। जनता ने बीएनपी के पक्ष में स्पष्ट फैसला दिया है।' इसी के साथ उन्होंने 2024 के अगस्त विद्रोह के बाद भारत आई हसीना को 1500 से अधिक लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार 'आतंकवादी' बताया। वहीं कबीर ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह यह सुनिश्चित करे कि हसीना या अवामी लीग के अन्य नेताओं द्वारा उसकी भूमि का उपयोग ऐसे तरीकों से न किया जाए जिससे बांग्लादेश में स्थिरता प्रभावित हो सके। उन्होंने आगे कहा, 'बांग्लादेश की संप्रभुता को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि में भारत को सहभागी नहीं माना जाना चाहिए। एक बार यह समस्या हल हो जाए तो सामान्य राजनयिक सहयोग फिर से शुरू हो सकता है। हम पड़ोसी हैं और हमें आपसी लाभ के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

## कैलिफोर्निया में लापता भारतीय छात्र का छह दिन बाद मिला शव, कर्नाटक के रहने वाले थे साकेत श्रीनिवासैया

**कैलिफोर्निया।** भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया लापता होने के छह दिन बाद कैलिफोर्निया में मृत पाए गए हैं। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने साकेत का शव बरामद किया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया



में लापता हुए 22 वर्षीय भारतीय छात्र का शव मिला है। कर्नाटक के रहने वाले साकेत श्रीनिवासैया नौ फरवरी को लापता हो गए थे, जिसके बाद उनकी तेजी से तलाश की जा रही थी। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि की है कि पुलिस ने भारतीय छात्र का शव बरामद कर लिया है। साकेत श्रीनिवासैया अमेरिका में रहकर पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे थे और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले के छात्र थे। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को छात्र का शव मिला है। शव को जल्द से जल्द भारत वापस भेजने के लिए सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया है। इसी के साथ दूतावास ने परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना भी व्यक्त की। छात्र के शव को जल्द भारत भेजने की तैयारी अपने एक्स पोस्ट में भारतीय दूतावास ने लिखा, 'यह सूचित करते हुए गहरा खेद है कि स्थानीय पुलिस ने लापता भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया का शव बरामद होने की पुष्टि कर दी है। इस अत्यंत कठिन समय में हम उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। दूतावास परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है, जिसमें स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत वापस भेजने की व्यवस्था करना शामिल है। हमारे अधिकारी परिवार के साथ सीधे संपर्क में हैं और सभी आवश्यक औपचारिकताओं और सेवाओं में उनका सहयोग करेंगे।' तलाशी के लिए पुलिस ने चलाया था अभियान बता दें कि साकेत को लापता होने से पहले कैंपस से लगभग एक किलोमीटर दूर आखिरी बार देखा गया था, जिसके बाद अंजा झील और बर्कले हिल्स इलाके के आसपास पूरे शहर में तलाशी अभियान चलाया गया। बाद में कैंपस के पास ही टिल्डेन रीजनल पार्क के नजदीक एक आवास के पास उनका पासपोर्ट और लैपटॉप वाला एक बैग भी मिला। अंजा झील में मृत पाए गए साकेत मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साकेत का शव बर्कले हिल्स के पास अंजा झील में पाया गया। साकेत श्रीनिवासैया, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में पोस्ट ग्रेजुएशन के छात्र थे।

# युवराज पहलवी की अपील पर म्यूनिख में जुटे 2.5 लाख लोग

**म्यूनिख।** क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने दुनिया से ईरानी जनता का साथ देने और तेहरान पर दबाव बढ़ाने की अपील की, जिसके बाद जर्मनी के म्यूनिख में करीब 2.5 लाख लोगों ने ईरान सरकार के खिलाफ विशाल रैली निकाली। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने ईरान में हुई हिंसा में हजारों मौतों सहित कई अहम मुद्दे को उठाया। जर्मनी के म्यूनिख शहर में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन के दौरान ईरान की सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ। पुलिस के मुताबिक, इस विरोध प्रदर्शन में करीब 2,50,000 लोग शामिल हुए। यह रैली ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी की उस अपील का नतीजा थी, जिसमें उन्होंने तेहरान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाकर किया विरोध प्रदर्शन म्यूनिख की सड़कों पर प्रदर्शनकारियों ने ढोल बजाकर और सरकार बदलने के नारे लगाकर विरोध किया। यह प्रदर्शन पहलवी के 'ग्लोबल डे ऑफ एक्शन' का हिस्सा था, जिसका मकसद ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को अंतरराष्ट्रीय समर्थन दिलाना है। ऐसी ही रैलियों की अपील लॉस एंजिल्स और टोरंटो में भी की गई थी। प्रदर्शन में लोग 1979 की क्रांति से पहले वाले ईरान के झंडे लहरा रहे थे, जिन पर शेर और सूरज के निशान बने थे।

## ग्रीनलैंड को लेकर नहीं बदली ट्रंप की सोच, अब भी वो इसे हासिल करना चाहते हैं डेनमार्क की पीएम का बयान

**म्यूनिख।** ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के रुख में थोड़ी नरमी आई है और राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कोई बयानबाजी नहीं की जा रही है। हालांकि डेनमार्क की सरकार को अभी भी ट्रंप की नीयत पर शक है। डेनमार्क की पीएम ने कहा



है कि ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पाने की ख्वाहिश में कोई बदलाव नहीं आया है। फ्रेडरिक्सन ने शनिवार को म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के एक पैनल में कहा, 'मुझे लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इसे लेकर बहुत गंभीर हैं वो अब भी इस द्वीप को हासिल करने की ख्वाहिश रखते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें स्वायत्त देशों की रक्षा करनी है। हमें लोगों के फैसले लेने के अधिकार की रक्षा करनी है। ग्रीनलैंड के लोग एक चीज को लेकर बहुत स्पष्ट रहे हैं कि वे अमेरिकी नहीं बनना चाहते।' ग्रीनलैंड पर ट्रंप का बदलता रुख मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आर्कटिक में अमेरिका की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एक यूएस-डेनमार्क-ग्रीनलैंड वर्किंग ग्रुप बनाया गया है। फ्रेडरिक्सेन ने शुक्रवार को भी इस मुद्दे पर बयान दिया था।

Facebook: https://www.facebook.com/profile.php?id=100063787346044 Twitter: https://twitter.com/mantrabharat?t=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 Mobile No: 7007837917

मंत्र भारत : RNI-MPHIN/2023/88414 देवांश प्रिंटिंग प्रेस 12/12 विनय नगर सेक्टर-2 ग्वालियर(म.प्र.) से मुद्रित एंव 433 आनंन नगर डबल रोड बहोड़ा ग्वालियर से प्रकाशित एवं सम्पादित।
E-Mail : mantragwalior@gmail.com | सम्पादक : मनीष शुक्ला, मोबाइल : 7007837917 स्थानीय संपादक- आनंद त्रिवेदी | वैधानिक सूचना : मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे का क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा।